
वर्ष : 33 ▸ अंक : 110 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, शनिवार, 6 जुलाई 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल




# दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है




## पेपर लीक मामला : 10 साल तक की जेल और 1 करोड़ जुर्माना

# पेपर लीक रोकने के लिए महाराष्ट्र में कड़ा कानून

- महाराष्ट्र सरकार ने पेश किया एंटी पेपर लीक बिल
- विधानसभा के बाद उच्च सदन में जाएगा विधेयक
- विधेयक में न्यूनतम तीन साल की सजा का प्रावधान



### बिल में क्या हैं बड़े प्रावधान?

- विधेयक में कहा गया है कि अनुचित साधनों और अपराधों का सहारा लेने वाले किसी भी व्यक्ति या व्यक्तियों को कम से कम तीन वर्ष की अवधि के कारावास से दंडित किया जाएगा, जिसे पांच वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है और 10 लाख रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।
- पेपर लीक कराने वाले 1 करोड़ रुपए तक के जुर्माने से दंडित किया जा सकता है और तत्वों से परीक्षा की लागत भी वसूल की जाएगी। उन्हें चार साल तक किसी भी प्रतियोगी परीक्षा के संचालन की कोई जिम्मेदारी सौंपे जाने से रोक दिया जाएगा।
- अगर पेपर लीके में किसी संस्था का कोई निदेशक, प्रबंधन या सेवा प्रदाता फर्मों के प्रभारी की सहमति या मिलीभगत साबित होती है तो उसे कम से कम तीन वर्ष की सजा होगा। जिसे 10 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। इतना ही नहीं उसके ऊपर 1 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया जा सकता है।
- कोई भी व्यक्ति जिसे प्रतियोगी परीक्षा या प्रतियोगी परीक्षा के संचालन से संबंधित कार्य सौंपा गया है या वह इसमें लगा हुआ है। जो अभ्यर्थी नहीं है। वह प्रतियोगी परीक्षा के संचालन को बाधित करने के इरादे से परीक्षा केंद्र के परिसर में प्रवेश नहीं करेगा। पेपर लीक के मामलों की जांच डीसीपी और एसीपी स्तर के पुलिस अधिकारी करेंगे।
- जुर्माना अदा न करने की स्थिति में भारतीय न्याय संहिता, 2023 के प्रावधानों के अनुसार कारावास की अतिरिक्त सजा दी जाएगी।

**नितिन तोरस्कर । मुंबई**

देश भर में पेपर लीक को लेकर मचे घमासान के बीच महाराष्ट्र सरकार ने राज्य सरकार की परीक्षाओं को फूलप्रूफ बनाने के लिए एंटी पेपर लीक बिल विधानसभा में पेश किया है। राज्य सरकार ने पेपर लीक रोकने के 10 साल तक जेल की सजा और 1 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाने का प्रावधान किया है। राज्य सरकार के मंत्री शंभुराज देसाई ने यह बिल पेश किया। महाराष्ट्र सरकार ने इस बिल को महाराष्ट्र प्रतियोगी परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 नाम दिया है। विधानसभा और विधान परिषद में पारित होने के बाद इस बिल को राज्यपाल की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। इसके बाद राज्य सरकार के आधीन आने वाले तमाम परीक्षाओं के लिए यह कानून लागू हो जाएगा।

### परीक्षाओं को सुरक्षित बनाने का उद्देश्य

विधानसभा में महाराष्ट्र प्रतियोगी परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 बिल को पेश करते हुए मंत्री शंभुराज देसाई ने कहा कि इस विधेयक में पेपर लीक को संज्ञेय, गैर जमानती बनाया गया है। देसाई ने कहा कि इस बिल का उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षाओं में अनुचित साधनों को रोकना, अधिक पारदर्शिता, निष्पक्षता और विश्वसनीयता लाना और युवाओं को आश्वस्त करना है कि उनके ईमानदार और वास्तविक प्रयासों को उचित रूप से पुरस्कृत किया जाएगा और उनका भविष्य सुरक्षित है। देसाई ने कहा कि विधेयक में ऐसे व्यक्तियों, संगठित समूहों या संस्थाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का प्रस्ताव है जो अवैध तरीके से धन कमाने के लिए अनुचित साधनों का उपयोग करते हैं। वे प्रतियोगी परीक्षा प्रणाली पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। केंद्र सरकार की तरफ से पूरे देश में परीक्षाओं को सुरक्षित बनाने के लिए पिछले महीने एक अधिसूचना जारी की गई थी। इसमें कहा गया था कि पब्लिक एग्जामिनेशन (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट 2024 के प्रावधान अब पूरे देश में लागू हो चुके हैं। यह कानून फरवरी में लागू हुआ था। अधिसूचना से उसे अमलीजामा पहनाया गया था। अब महाराष्ट्र सरकार ने पेपर लील के खिलाफ सख्त कानून बनाने की तरफ कदम बढ़ाए हैं।

### पड़ोसी राज्यों हैं कानून

महाराष्ट्र के पड़ोसी राज्यों गुजरात और राजस्थान में पहले से पेपर लीक कानून लागू हैं। विधानसभा के पास होने के बाद सरकार इस बिल को विधान परिषद में रखेगी। दोनों सदनों से पास होने के बाद इसे राज्यपाल के पास भेजा जाएगा। इस बिल में मौजूदा मानसून सत्र में ही पास होने की उम्मीद है।

**न्यूज़ ब्रीफ**

### महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव 12 जुलाई को, 12 उम्मीदवार मैदान में

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधान परिषद की 11 सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव 12 जुलाई को होंगे। भाजपा की पंकजा मुंडे और उद्धव ठाकरे के निजी सहयोगी मिलिंद नार्वेकर सहित 12 उम्मीदवार मैदान में हैं। 11 मौजूदा एमएलसी का छह साल का कार्यकाल 27 जुलाई को समाप्त हो रहा है। भाजपा ने पंकजा मुंडे (जो हाल ही में बीड से लोकसभा चुनाव हार गईं), अमित गोरखे, सदाभाऊ खोत और योगेश टिलेकर को मैदान में उतारा है, इसके अलावा परिषद के मौजूदा सदस्य परिणय फुके को फिर से टिकट दिया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने पूर्व सांसद भावना गवली और कृपाल तुमाने को मैदान में उतारा है। उप मुख्यमंत्री अजीत पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी ने शिवाजीराव गर्जे और राजेश विटेकर को मैदान में उतारा है। विपक्ष की ओर से कांग्रेस ने मौजूदा एमएलसी प्रदन्या सातव को फिर से टिकट दिया है। पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी के जयंत पाटिल एनसीपी (शरदचंद्र पवार) के उम्मीदवार के रूप में फिर से चुनाव लड़ रहे हैं। शिवसेना (यूबीटी) ने पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे के करीबी मिलिंद नार्वेकर को मैदान में उतारा है। एक उम्मीदवार को जीत के लिए 23 वोटों की जरूरत होगी। महाराष्ट्र विधानसभा की वर्तमान सदस्य संख्या 274 है।

### दूध उत्पादक किसानों को अब मिलेगी प्रति किलो 35 रुपए की दर

**मुंबई।** दूध उत्पादक किसानों के आंदोलन के बाद प्रदेश सरकार ने राहत देने का फैसला लिया है। राज्य मंत्रिमंडल ने दूध उत्पादक किसानों को प्रति लीटर 30 रुपए दर और 5 रुपए अनुदान देने को मंजूरी दी है। इससे किसानों को प्रति लीटर 35 रुपए का दर मिल सकेगा। किसानों को 1 जुलाई से नई दर का फायदा मिल सकेगा। राज्य के दुग्ध व्यवसाय विकास मंत्री राधाकृष्ण विखे- पाटील ने यह जानकारी दी। विखे-पाटील ने बताया कि राज्य के सभी निजी और सहकारी दुग्ध संघों को किसानों को प्रति लीटर 30 रुपए की दर देना होगा। जिसके बाद सरकार किसानों को 5 रुपए प्रति लीटर की दर से अनुदान दिया जाएगा। जिससे किसानों को प्रति लीटर कुल 35 रुपए दर मिल सकेगा।

**मौसम**

| | तापमान | नमी |
|---|---|---|
| मुंबई | 30.0-24.0 | 73% |

सूर्यास्त शनिवार 07:20 बजे
सूर्योदय रविवार 06:05 बजे

# शाकाहारियों की थाली में लगा महंगाई का तड़का

- जून में वेज थाली की कीमत 10% बढ़ी
- टमाटर-आलू और प्याज के भाव ने दाम बढ़ाए
- नॉन-वेज थाली 4% सस्ती हुई



**मुनीब चौरसिया । मुंबई**

शाकाहारी थाली की कीमत जून में औसतन 10 प्रतिशत तक बढ़ गई। प्याज, टमाटर और आलू की कीमतों में आई तेजी इसकी प्रमुख वजह रही। वहीं, ब्रॉयलर मुर्गे की कीमत में गिरावट से मांसाहारी भोजन की लागत में कमी आई है। क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस की मासिक रिपोर्ट 'रोटी राइस रेट' के अनुसार, शाकाहारी थाली की कीमत जून में 10 प्रतिशत बढ़कर 29.4 रुपए प्रति थाली हो गई, जो जून 2023 में 26.7 रुपए थी। मई 2024 में यह 27.8 रुपए थी। शाकाहारी थाली में रोटी, सब्जियां (प्याज, टमाटर तथा आलू), चावल, दाल, दही और सलाद शामिल हैं। शाकाहारी थाली की कीमत में कुल वृद्धि का कारण टमाटर की कीमतों में 30 प्रतिशत, आलू में 59 प्रतिशत और प्याज में 46 प्रतिशत की वृद्धि को बताया गया है। इस रिपोर्ट में एक गृहस्थ के घर पर थाली तैयार करने की औसत लागत की गणना की गई है। यह गणना उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम भारत में प्रचलित इनपुट कीमतों के आधार पर की गई है।

### चावल-दाल ने बिगाड़ा खेल

कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में जून महीने के दौरान खूब गर्मी बढ़ी। इससे टमाटर के पौधे झुलस गए। इस वजह से टमाटर की कीमतें 30 फीसदी बढ़ गई। रही सही कसर चावल ने पूरा कर दिया। इस महीने चावल की कीमतों में भी 13 फीसदी का इजाफा हुआ है। ऐसे में शाकाहारी थाली को तैयार करने की लागत में वृद्धि तो होना ही था। जून महीने में दाल भी 22 फीसदी महंगी हो गई। अरहर दाल की कीमत तो इस महीने खुले बाजार में ढाई सौ रुपए किलो तक पहुंच गई। थाली कीमत तय करने में चावल और दाल की कीमत इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि शाकाहारी थाली की कीमत तय करने में चावल का भारांक 13 फीसदी जबकि दाल का भारांक नौ फीसदी है। मतलब कि दोनों मिला कर करीब एक चौथाई फीसदी हो जाता है।

### मांसाहारी थाली का खर्च घटा

जून महीने में चिकन के दाम में गिरावट की वजह से मांसाहारी थाली तैयार करने का खर्च चार फीसदी कम हो गया। यह तुलना पिछले वर्ष के इसी महीने की लागत से की गई है। इससे पहले बीते मई महीने में भी नॉन-वेज थाली तैयार करने के खर्च में सात फीसदी की गिरावट आई थी। पिछले कई महीनों से मांसाहारियों की मौज है क्योंकि हर महीने ब्रॉयलर चिकन की कीमत घट रही है। अंडा भी सस्ता हो रहा है। सालाना आधार पर देखें तो बीते जून के महीनों के दौरान चिकन के दाम में 14 फीसदी की गिरावट हुई है। इससे पहले मतलब कि मई महीने में भी चिकन 16 फीसदी सस्ता हुआ था। दरअसल, पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान चिकन खूब महंगा था। इस साल कीमतें लगातार घट रही है।

# कम नंबर की धमकी देकर छात्रों से साफ कराया घर का टॉयलेट

**महिला प्रोफेसर को किया गया निलंबित**

**दोपहर संवाददाता । लातूर**

महाराष्ट्र के लातूर जिले में हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जिले में स्थित सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) की एक प्रोफेसर कुछ छात्रों को फेल करने की धमकी देकर उनसे अपने घर के काम करवाती थीं। महिला प्रोफेसर को छात्रों के उत्पीड़न करने के मामले में निलंबित कर दिया गया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बताया गया है कि आईटीआई की प्राचार्य ने तीन सदस्यों की जांच समिति की रिपोर्ट के बाद निलंबन की कार्रवाई की है।




### प्रोफेसर 2 जुलाई को निलंबित

औसा में आईटीआई की प्राचार्य इंदिरा रणभिदकर ने बताया कि प्रोफेसर मनीषा खानापुरे को तीन छात्रों का उत्पीड़न करने के मामले में दो जुलाई को निलंबत कर दिया गया। दरअसल अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एबीवीपी) के सदस्यों ने पिछले सप्ताह उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन में एबीवीपी ने आरोप लगाया था कि आईटीआई की प्रोफेसर मनीषा खानापुरे ने छात्रों को कम अंक देने की धमकी दी। इसके बाद उन्होंने छात्रों से अपने घर के काम कराए। इस दौरान छात्रों से घर की साफ-सफाई कराई गई।

# शिवाजी महाराज स्मारक मामले में सुनवाई की तारीख तय नहीं

## रवींद्र चव्हाण ने लिखित जवाब में दी जानकारी

**धीरज सिंह । मुंबई**

मुंबई के समुद्र में प्रस्तावित छत्रपति शिवाजी महाराज के स्मारक मामले को लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए अभी तारीख तय नहीं हुई है। विधान परिषद में राज्य के सार्वजनिक निर्माण कार्य मंत्री रवींद्र चव्हाण ने एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। सदन के राकांपा (अजित) के सदस्य विक्रम काले ने स्मारक का निर्माण काम पूरा करने के संबंध में सवाल पूछा था। इसके जवाब में चव्हाण ने कहा कि स्मारक मामले में सुप्रीम कोर्ट में तीन याचिकाएं दाखिल हुई थी। जिसमें से दो याचिकाओं का निपटारा हो गया था। जबकि शीर्ष अदालत ने एक याचिका को बॉम्बे हाईकोर्ट में चलाने के निर्देश दिए थे। इसके तहत हाईकोर्ट में प्रतिवादी की ओर से हलफनामा दाखिल किया जा चुका है। लेकिन अदालत ने अभी तक सुनाई के लिए तारीख तय नहीं की है।



# 'ठग' सुकेश चंद्रशेखर को 2015 के धोखाधड़ी मामले में मिली जमानत

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने महानगर पुलिस की आर्थिक आपराध शाखा द्वारा 2015 में दर्ज धोखाधड़ी के एक मामले में कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर को जमानत दे दी। इस समय दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद चंद्रशेखर की हालांकि रिहाई नहीं हो सकेगी क्योंकि वह कई मामलों में आरोपी है। न्यायमूर्ति मनीष पिताले की एकल पीठ ने बृहस्पतिवार को जमानत मंजूर की जिसकी विस्तृत जानकारी शुक्रवार को दिन में उपलब्ध हुई। अदालत ने कहा कि मौजूदा अपराध के मामले में आरोपी सात साल से अधिक समय से जेल में है और उसके मामले की सुनवाई अब तक शुरू नहीं हुई है।

# ट्रेनों में जनरल-स्लीपर श्रेणी के कोच बढ़ाए जा रहे : अश्विनी वैष्णव

## सभी मेल-एक्सप्रेस में चार जनरल श्रेणी के कोच लगाने का लक्ष्य

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि रेल यात्रियों को आरामदेय सफर मुहैया कराने के लिए भारतीय रेल में जनरल और स्लीपर श्रेणी में विस्तार किया जा रहा है। एक विशेष अभियान के तहत 2500 जनरल कोच का उत्पादन शुरू किया गया है व 10 हजार ऐसे ही कोच और बनाए जाएंगे। रेल मंत्री ने यह बात रेल भवन में आयाजित एक समारोह के दौरान कही। उन्होंने कहा, पिछले साल दो अमृत भारत ट्रेन की शुरुआत की गई थी। अब 55 और अमृत भारत ट्रेन का निर्माण शुरू हो चुका है। 110 और अमृत भारत ट्रेन के निर्माण की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है। 10 हजार जनरल व स्लीपर कोचों को अमृत भारत ट्रेनों के अलावा दूसरी मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों में लगाया जाएगा। सभी मेल-एक्सप्रेस ट्रेन में कम से कम चार जनरल श्रेणी के कोच लगाने का लक्ष्य है। जबकि अमृत भारत ट्रेनें पूरी तरह से नॉन एसी होंगी। इनमें सिर्फ स्लीपर व जनरल श्रेणी के कोच लगे होंगे। वैष्णव ने बताया कि गर्मी के मौसम में भारी मांग को पूरा करने के लिए लगभग 10 हजार विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं।



**विपक्ष रेलवे की छवि खराब करने का प्रयास कर रहा :** अश्विनी वैष्णव ने एक सवाल के जवाब में कहा, विपक्ष सोशल मीडिया में पुराने वीडियो डाल कर रेलवे की छवि को खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसा रेलवे कर्मचारियों-अधिकारियों के मनोबल को कमजोर करने के लिए किया जा रहा है लेकिन हम उनके ये प्रयास विफल कर देंगे। विदित हो कि पिछले दिनों सोशल मीडिया पर रेलवे की खराब सेवा संबंधित कई वीडियो वायरल हुए हैं।

### बुनियादी ढांचा मजबूत कर रहे

अश्विनी वैष्णव ने कहा, मोदी सरकार रेल सेवा, सुरक्षा, स्वच्छता व बुनियादी ढांचा मजबूत करने पर काम कर रही है। पिछले वित्तीय वर्ष में 5300 किलोमीटर नए ट्रैक जोड़े गए हैं। इसके अलावा चालू वित्तीय वर्ष में भी 800 किलोमीटर से ज्यादा ट्रैक बिछाए जा चुके हैं। रेल टक्कर रोधी सुरक्षा प्रणाली 'कवच को भी तेजी से लगाया जा रहा है। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेल नेटवर्क बहुत बड़ा है और टीमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही हैं। रेलवे देश की जीवन रेखा है और हम इस जीवन रेखा को बनाए रखेंगे।

# एंबुलेंस सेवा को विस्तार पर मंत्री सावंत की सदन में फजीहत

**दीपक पवार । मुंबई**

विधान परिषद में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री तानाजी सावंत की बीवीजी कंपनी को एम्बुलेंस सेवा विस्तार देने के फैसले पर जमकर फजीहत हुई है। शुक्रवार को सदन में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने एम्बुलेंस सेवा के विस्तार देने का मुद्दा उठाया। दानवे ने कहा कि मंत्री सावंत ने बीते 1 जुलाई को विधान परिषद में कहा था कि सरकार 108 एम्बुलेंस चलाने के लिए बीवीजी कंपनी को सेवा विस्तार नहीं देगी। कंपनी के फर्जीवाड़े की जांच चल रही है। लेकिन उसी दिन राज्य के स्वास्थ्य आयुक्त ने बीवीजी कंपनी को छह महीने का सेवा विस्तार देने का आदेश जारी कर दिया है। इससे साफ है कि स्वास्थ्य विभाग में मंत्री सावंत की सुनवाई नहीं है।



### सरकार का फैसला सामूहिक : सावंत

इसके जवाब में सावंत ने कहा कि मैंने जब सदन में बयान दिया था, तब मंत्रालय के मेरे कार्यालय से मुख्यमंत्री सचिवालय (सीएमओ) के पास संबंधित फाइल चली गई थी। इससे मुझे नहीं मालूम कि मुख्यमंत्री सचिवालय में बीवीजी कंपनी को सेवा विस्तार देने के लिए मंजूरी कैसे मिली ? फिर भी मुझे इस पर कुछ नहीं कहना है। क्योंकि सरकार का फैसला सामूहिक होता है।

# महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे का 'ऑपरेशन मशाल'

## औरंगाबाद में बीजेपी छोड़ेंगे 10 पार्षद, दो विधायकों की बढ़ी टेंशन

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

लोकसभा चुनावों में बीजेपी को बड़ा झटका देने के बाद अब उद्धव ठाकरे छत्रपति संभाजीनगर में बड़ा खेला करने जा रहे हैं। संभाजीनगर में रविवार को आयोजित होने वाले शिव संकल्प मेले में बीजेपी के आठ नगरसेवक (पार्षद) पाला बदलकर शिवसेना यूबीटी में शामिल हो सकते है। अगर ऐसा होता है तो बीजेपी के लिए यह बड़ा झटका होगा। पूर्व डिप्टी मेयर राजू शिंदे समेत आठ नगरसेवक शिवसेना यूबीटी में जाने की अटकलों ने राज्य की सियासत गर्मा दी है। कु दिन पहले पूर्व मंत्री सूर्यकांता पाटिल ने बीजेपी को छोड़कर एनसीपी (शरद पवार) में घरवापसी की कर ली थी।



### बीजेपी छोड़ने की पुष्टि

मराठी मीडिया से बातचीत में राजू शिंदे ने इस खबर की पुष्टि की है कि वह बीजेपी छोड़ रहे हैं। शिंदे कहा कहना है कि उनके साथ 5 से 6 पार्षदों के साथ बीजेपी छोड़ रहे हैं। कार्यकर्ताओं को लगता है कि बीजेपी में रहकर उनकी समस्याएं हल नहीं होंगी। शिंदे ने कहा कि बीजेपी को सोचना चाहिए कि मैं महापौर, नगर अध्यक्ष बन सकता था लेकिन नहीं बना। शिंदे ने अन्य पार्षदों के नाम बताने से मना कर दिया। शिंदे ने बीजेपी छोड़ने के ऐलान के साथ सीएम शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना के नेता और औरंगाबाद वेस्ट से विधायक संजय शिरसाट के खिलाफ भी मोर्चा खोल दिया है। शिंदे ने कहा कि अगर मुझे मौका मिला तो मैं जरूर विधानसभा चुनाव लड़ूंगा। शिरसाट जीत की हैट्रिक लगाकर 2019 में जीते थे।

### और बढ़ सकती है संख्या

राजनीतिक हलकों में दावा किया जा रहा है कि बीजेपी छोड़ने वाले पार्षदों की संख्या और बढ़ सकती है। यह संख्या 10 तक भी पहुंच सकती है। उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना ने छत्रपति संभाजीनगर में सात जुलाई को पक्ष प्रवेश कार्यक्रम रखा है। इसमें पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे भी मौजूद रहेंगे। इस दलबदल का सबसे ज्यादा असर मंत्री अतुल सावे और शिंदे गुट के विधायक संजय शिरसाट के ऊपर पड़ने की उम्मीद है क्योंकि शिव संकल्प कार्यक्रम में छह से आठ पार्षदों के साथ 1 जिला परिषद सदस्य, 2 पंचायत की समिति, 1 तालुका अध्यक्ष के साथ 1 युवा मोर्चा अध्यक्ष और 5 बोर्ड अध्यक्षों के शामिल होने की उम्मीद है। लोकसभा चुनावों में महाविकास आघाडी की जीत के बाद उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना में शामिल होने वालें की संख्या बढ़ी है।

# काजू बीज के लिए मिलेगा अनुदान

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

प्रदेश सरकार की ओर से काजू बीज के लिए प्रति किलो 10 रुपए अनुदान प्रदान किया जाएगा। शुक्रवार को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस फैसले को मंजूरी दी गई। सरकार के इस फैसले से पालघर, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग, रायगड़ और कोल्हापुर के लगभग 1 लाख 39 हजार काजू उत्पादक किसानों को फायदा मिल सकेगा। काजू उत्पादक किसानों को काजू बीज के लिए प्रति किलो 10 रुपए के हिसाब से अनुदान लागू होगा। काजू उत्पादक किसानों को कम से कम 50 किलो और अधिकतम 2 हजार किलो तक काजू बीज के लिए अनुदान मिल सकेगा। सरकार ने काजू बीज के अनुदान के लिए 279 करोड़ रुपए खर्च को मंजूरी दी है। काजू उत्पादक किसानों को बाजार में कम दाम मिलने के कारण सरकार ने अनुदान देने का फैसला लिया है। राज्य में काजू उत्पादन का क्षेत्र लगभग 1.91 लाख हेक्टेयर है। जिसमें लगभग 1.81 लाख मेट्रिक टन काजू का उत्पादन होता है।


पोर्शे कार हादसा

# आरोपी ने सड़क सुरक्षा पर लिखा 300 शब्दों का निबंध

**दोपहर संवाददाता । पुणे**

पुणे में पोर्शे कार दुर्घटना मामले में आरोपी किशोर ने सड़क सुरक्षा पर 300 शब्दों का निबंध किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया। किशोर न्याय बोर्ड ने आरोपी किशोर को जमानत शर्तों के तहत निबंध लिखने का आदेश दिया था। बीती 19 मई को पुणे में हुए हादसे में आरोपी किशोर ने एक बाइक को अपनी लग्जरी पोर्शे कार से टक्कर मार दी थी, जिससे बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई थी।

### किशोर न्याय बोर्ड ने दिया था निर्देश



### पिछले महीने पर्यवेक्षण गृह से हुई थी किशोर की रिहाई

एक अधिकारी ने बताया कि किशोर ने बुधवार को किशोर न्याय बोर्ड के सामने निबंध प्रस्तुत किया। आरोपी किशोर को पिछले महीने पर्यवेक्षण गृह से रिहा कर दिया गया था। दरअसल हादसे के बाद से किशोर किशोर न्याय बोर्ड के पर्यवेक्षण गृह में बंद था, लेकिन हाईकोर्ट ने इसे गलत माना और आरोपी को रिहा करने का आदेश दिया था।

### पहले भी निबंध लिखवाने पर हुआ था हंगामा

पुणे में 19 मई को शहर के कल्याणी नगर इलाके में हुए पोर्शे कार हादसे के कुछ घंटे बाद ही आरोपी किशोर को जमानत दे दी थी। किशोर न्याय बोर्ड ने आरोपी किशोर को सड़क सुरक्षा पर 300 शब्दों का निबंध लिखने को कहा था, जिसे लेकर देशभर में आक्रोश देखा गया। दबाव बढ़ता देख पुणे पुलिस ने फिर से किशोर न्याय बोर्ड का रुख किया और आदेश में संशोधन की मांग की। इसके बाद बोर्ड ने आरोपी को निगरानी गृह में रखने का आदेश दिया। इसके खिलाफ किशोर के परिजनों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। हाईकोर्ट ने आरोपी को निगरानी गृह से रिहा करने का आदेश दिया। जिसके बाद पिछले महीने आरोपी किशोर को रिहाई दे दी गई।

# नौ साल की बच्ची के साथ दरिंदगी कर हत्या

## भिवंडी क्राइम ब्रांच ने आरोपी को दो घंटे में किया गिरफ्तार

**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**

भिवंडी शहर में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसने शहर को शर्मसार कर दिया है। शांति नगर इलाके में एक नाराधम हत्यारे ने नौ साल की बच्ची को खाने का लालच देकर बुलाया और उसके साथ लैंगिक शोषण करने के बाद उसकी हत्या कर दी और फरार हो गया। भिवंडी क्राइम ब्रांच ने फरार आरोपी को देर रात गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे डाल दिया।



### खाने का लालच देकर लैंगिक अत्याचार

भिवंडी के शांतिनगर इलाके के गोविंद नगर स्थित एक तीन मंजिला इमारत में किराए पर अपने माता-पिता, दो बड़ी बहनों, एक भाई के साथ रहने वाली पीड़ित बच्ची उम्र में घर में सब से छोटी थी। पीड़िता के पिता एक पावरलूम कारखाने में लूम चलाने का काम करते है और उसकी माँ एक गोदाम में काम करती है जहां वह अपनी दो बड़ी बेटियों को साथ काम पर लेकर जाती थी। जबकि पीड़िता का भाई स्कूल में पढ़ने जाता है। गुरुवार को पीड़ित परिवार नियमित रूप से काम पर गया था, जबकि लड़का दोपहर में स्कूल गया था, उसी समय उसी इमारत की तीसरी मंजिल पर अकेला रहने वाला नाराधम हत्यारे ने पीड़ित बच्ची को खाने का लालच देकर उपर की तीसरी मंजिल पर एक खाली कमरे में लेकर गया और पीड़ित बच्ची के घर को बाहर से ताला लगा दिया। जहां पीड़ित बच्ची के साथ पहले लैंगिक अत्याचार किया गया फिर उसका गला घोंटकर उसकी निर्ममता से हत्या कर दी गई। शाम को पीड़िता का भाई स्कूल से घर आया तो उसे घर पर ताला लगा देख उसने अपनी बहन की तलाश करना शुरू की लेकिन वह नहीं मिली जिस के बाद शाम जब काम से पीड़िता की मां और बड़ी बहन घर लौटी तो बच्ची के गुम होने पर उन लोगों ने भी आसपास इसकी खोजबीन शुरू की।

### इस तरह हुआ खुलासा

इसी बीच इलाके के एक छोटे लड़के ने बताया कि उसने पीड़ित लड़की को ऊपरी मंजिल पर बने कमरे में जाते देखा था। इसके बाद परिवार के लोग तीसरी मंजिल पर जाकर जांच की तो वहां बाहर से बंद एक कमरे में पीड़िता का शव खून से लथपथ अवस्था में पड़ा हुआ देखा। ये देखकर परिवार के सदस्यों ने कमरे का दरवाजा तोड़ दिया और अंदर का दुखद दृश्य देख कर फूट-फूटकर रोने लगे। इस घटना की जानकारी मिलने पर शांतिनगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विनायक गायकवाड़ पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए और रिपोर्ट दर्ज कर शव को कब्जे में ले लिया जिसे पोस्टमार्टम के लिए आईजीएम अस्पताल भेज दिया गया है।

### देर रात हुई गिरफ्तारी

पुलिस ने आधी रात के आसपास अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता और POCSO के तहत मामला दर्ज किया है। जबकि पुलिस सूत्रों ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए मुंबई के जेजे अस्पताल भेजा जाएगा। इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है और इलाके के लोगों द्वारा आक्रोश व्यक्त किया जा रहा है। इस दौरान स्थानीय पुलिस और भिवंडी क्राइम ब्रांच ने घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। भिवंडी क्राइम ब्रांच को इसमें बड़ी सफलता मिली और देर रात वारदात को अंजाम देकर छिप रहे आरोपी अभय यादव को गिरफ्तार कर लिया गया।

# मनपा अपनी दस करोड़ की कचरा गाड़ियां वापस लेने को बेबस

## ठेकेदार और मनपा अधिकारियों पर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स की अदला बदली और चोरी का सनसनीखेज आरोप

**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**

भिवंडी शहर से कचड़ा उठाने उसकी ढुलाई और डंपिंग करने के लिए मनपा ने नागरिकों से वसूल किए गए टैक्स से 10 करोड़ की लागत कचड़ा गाडियां खरीद कर निजी ठेकेदार को शहर से कचड़ा उठाने के ठेके सहित 1 रुपया प्रति माह किराये पर दिया था। लेकिन ठेका रद होने के तीन माह बाद भी मनपा अपनी इन गाड़ियों को ठेकेदार से वापस लेने और किसी भी तरह की करवाही करने में आसक्षम साबित हो रहा है। जबकि ठेकेदार द्वारा मनपा अधिकारियों से मिलीभगत कर इन गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स की अदला बदली और चोरी का गंभीर आरोप लगाते हुए कांग्रेस एमपीसीसी सदस्य जावेद फारूकी ने मनपा मनपा प्रशासक वा आयुक्त से ठेकेदार सहित संबंधित अधिकारयों के खिलाफ कड़ी करवाई की मांग की है।

### मनपा आयुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में क्या है आरोप?

मनपा आयुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में एमपीसीसी सदस्य व समाजसेवक जावेद फारूकी ने बताया है कि भिवंडी महानगर पालिका द्वारा शहर में कचरा उठाने के लिए दस करोड़ रूपये में कई खरीदी गई कचरा गाडियां 1 रुपए किराया की हिसाब से शहर का कचड़ा उठाने का ठेका मुंबई की एक निजी संस्था आर एंड बी इंफ्राटेक्चर्स कंपनी को अन्य शर्तों के आधार पर स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग के माध्यम से दिया था। जिसके बाद शहर में सब ठेकेदार रेहान वली मो. खान द्वारा कचरा उठाने का कार्य किया जा रहा था। परंतु मनपा द्वारा दिए गए शर्तों को



पूरा न करने और कचड़ा सफाई शहर में व्यवस्थित न होने के कारण उक्त ठेका रद्द कर दिया गया जिस के बाद उक्त ठेकेदार को सभी कचरा गाड़ियों को व्यवस्थित रूप से मनपा को वापस करना था। मगर ठेकेदार मनपा की सभी गाड़ियों को एक निजी स्थान पर खड़ा रख दिया और 2 से 3 महीने गुजर जाने के बाद भी सभी गाड़ियों को वापस नहीं किया गया जहा खड़े खड़े गाडियां सड़ रही है और दूसरी तरफ इन गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स की अदला बदली और चोरी का सनसनी खेज आरोप लगाते हुए जावेद फारूकी ने ज्ञापन में बताया है की उक्त ठेकेदार व मनपा के आरोग्य विभाग के कुछ अधिकारी था कर्मचारियों मिली भगत से गाड़ियों के पाट्र्स चोरी किए जा रहे है। उन्होंने बताया की गाड़ियों का अच्छा समान निकाल कर उसकी जगह खराब समान लगाया जा रहा है। जैसे टायर, बैटरी, पाटे, गियरबॉक्स, बॉस पंप, स्टार्टर वगैरा सामानों की अदला बदली की जा रही है। जावेद फरोकी ने इस संबंध में मनपा आयुक्त से गाड़ियों के पाट्र्स की अदला बदली और चोरी में शामिल ठेकेदार आर.एंड.बी. इंफ्राटेक्चर्स प्रा लिमिटेड और सब ठेकेदार रेहान वली मो. खान समेत पूर्व उपायुक्त आरोग्य स्वच्छता दीपक झींजाड़, आरोग्य निरीक्षक जे.एम सोनावणे, वहान विभाग प्रमुख संदीप पठनावर, सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी तथा जामिन मालिक के विरुद्ध तत्काल कानूनी कार्रवाई करने, संबंधित वाहन को जब्त कर वाहन कंपनी के माध्यम से सभी स्पेयर पाट्र्स की जांच कराई जाने के साथ ही की गई करवाई की पूरी जानकारी का अहवाल देने की मांग है।

# सुनील प्रभु ने 'शिंदे' को लेकर शिंदे सरकार से किया सवाल



**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

मानसून सत्र के आठवें दिन शिवसेना की उद्धव बाला साहेब ठाकरे पार्टी के नेता सुनील प्रभु ने सरकार को सवालों के घेरे में रखा. शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी के विधायक और प्रतोद सुनील प्रभु ने विधानसभा में राज्य सरकार से पूछा कि केंद्रीय राजस्व अधिकारी (आईआरएस) सुधाकर शिंदे 9 साल तक प्रतिनियुक्ति पर राज्य में कैसे बने रहे, जबकि राज्य में 12 सनदी (आईएएस) अधिकारी प्रतीक्षा कर रहे थे।

### क्या है मामला ?

केंद्रीय सेवा में आईआरएस अधिकारी सुधाकर शिंदे 24 नवंबर 2015 से राज्य सरकार में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत हैं। शुरुआत में उन्हें 3 साल के लिए राज्य में प्रतिनियुक्त किया गया था। इसके बाद सरकार के अनुरोध पर उनका कार्यकाल 23 नवंबर 2022 तक यानी 4 साल के लिए बढ़ा दिया गया। उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस के अनुरोध पर कार्यकाल 1 वर्ष बढ़ाकर 2023 तक कर दिया गया। अब एक बार फिर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सुधाकर शिंदे की प्रतिनियुक्ति 22 नवंबर 2027 तक बढ़ाने का प्रस्ताव केंद्र को भेजा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इसे 31 मई 2024 तक बढ़ा दिया है। लेकिन सुधाकर शिंदे अवैध रूप से मुंबई नगर निगम में अतिरिक्त आयुक्त के रूप में कैसे काम कर सकते हैं, जबकि 31 मई के बाद केंद्र सरकार द्वारा कोई विस्तार प्रस्ताव अनुमोदित नहीं किया गया है। विधायक सुनील प्रभु ने यह भी पूछा कि जब प्रस्ताव केंद्र की कैबिनेट नियुक्ति समिति को भेजा गया है, तो उन पर इतना ध्यान क्यों है? यह जानकारी तब सामने आई जब सत्ता पक्ष के एक सदस्य ने सुधाकर शिंदे पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया।

# मालिक को नौकर ने लगाया हजारों का चूना

**दोपहर संवाददाता । अंबरनाथ**

कल्याण निवासी एक व्यापारी ने अपने नौकरों के खिलाफ अम्बरनाथ पुलिस थाना में विश्वासघात कर कोल्ड्रिंक गोदाम हजारों पेय पदार्थ चोरी करने की शिकायत दर्ज करवाई है। फिलहाल पुलिस फरार आरोपियों की तलाश करने में जुट गई है।

### एफआईआर दर्ज कर तलाश शुरू

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कल्याण डॉन बास्को स्कूल परिसर में रहने वाले अनुराग महेंद्र प्रताप सिंह (40) ने अम्बरनाथ पुलिस स्टेशन में अपने कोल्ड्रिंक गोदाम में काम करने वाले अभिनव गिरी व विजय गिरी के खिलाफ चोरी की शिकायत दर्ज करवाई है. अपनी शिकायत में अनुराग ने पुलिस को बताया कि महानगर गैस टिम्बर मार्ट अम्बरनाथ कल्याण रोड पर उनकी कोकाकोला कोल्ड्रिंक की एजेंसी है' गोदाम में काम करने वाले अभिनव गिरी व विजय गिरी ने 3 व 4 जुलाई की रात 10 बजे से सुबह साढ़े 10 के दरम्यान गोदाम में खड़े कोल्ड्रिंक की गाड़ी स्प्राइट, थम्सअप, माझा, औरेंज, डाइक कोक, एलर्जी ड्रिंक जिसकी कुंल किमत 80 हजार 8 सौ 40 रुपये चुराकर फरार हो गए।

# रोहित शर्मा, सूर्य कुमार यादव को महाराष्ट्र विधानभवन में किया गया सम्मानित

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

रोहित शर्मा सहित टी20 विश्वकप विजेता टीम के मुंबई में रहने वाले सदस्यों को शुक्रवार को महाराष्ट्र विधान भवन में सम्मानित किया गया। केंद्रीय सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में सूर्यकुमार भी मौजूद थे जिन्होंने टी20 विश्वकप फाइनल के मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अहम कैच लिया था जिससे पूरे मैच का रुख बदल गया था। यादव जब समारोह में बोलने के लिए खड़े हुए तो वहां उपस्थित मंत्रियों और विधायकों ने एक स्वर में उनसे उस कैच के बारे में बताने को कहा। सूर्यकुमार ने श्रोताओं की नारेबाजी के बीच मराठी में कहा, ''कैच बसला हातात (कैच सीधे मेरे हाथ में आ गया)।'' इसके बाद उन्होंने एक तरह से नाट्य रूपांतर किया और अपने हाथों से इशारा करते हुए बताया कि उन्होंने कैच कैसे लिया। इससे पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपने आधिकारिक आवास पर रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, शिवम दुबे और सूर्यकुमार यादव को सम्मानित किया था।



# बच्चों को ऑनलाइन यौन शोषण का शिकार होने से बचाने के लिए जारी होगी हेल्पलाइन

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

इंटरनेट पर आसान पहुंच के चलते बड़ी संख्या में बच्चे ऑनलाइन यौन शोषण का शिकार हो रहे हैं। इस पर लगाम लगाने के लिए अब महाराष्ट्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने कमर कसी है। आयोग जल्द ही बच्चों के लिए एक हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध कराएगा जिस पर वे इस तरह की परेशानियां साझा कर सकेंगे। आयोग की अध्यक्ष सुशीबेन शाह ने कहा कि यह बड़ी समस्या है इसलिए इससे निपटने के लिए मैंने साइबर अपराध शाखा, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों के साथ बातचीत की है। मेटा और चाइल्ड-फंड इंडिया भी इस मुहिम का हिस्सा होगा। बच्चों के

### बाल अधिकार संरक्षण आयोग के साथ मेटा और चाइल्ड-फंड इंडिया चलाएंगे जागरुकता मुहिम



भीतर का डर साइबर अपराधियों का सबसे बड़ा हथियार होता है। परेशान बच्चे न अपने माता-पिता से बात कर पाते हैं और न ही पुलिस के पास जा पाते हैं। इसलिए हमारी कोशिश है कि बच्चों को एक ऐसा मंच दिया जाए जहां वे बिना हिचक अपनी परेशानी साझा कर सकें। हम बच्चों को साइबर अपराधों को लेकर जागरूक करेंगे और उनका भरोसा जीतेंगे। हम यह भी सुनिश्चित करना चाहते हैं कि बच्चे की शिकायत के 24 घंटे के भीतर उससे जुड़ी क्लिप इंटरनेट से हटा दी जाए। शाह ने कहा कि कई बार बच्चों को अपनी परेशानी को लेकर सिर्फ बात करनी होती है। बच्चे ने कोई वीडियो देखा या अपलोड किया कि सोशल मीडिया का अल्गोरिद्म ऐसा होता है कि उसे उसी तरह का कंटेंट दिखाई देने लगता है। कई बार इसी का फायदा उठाकर साइबर अपराधी बच्चियों को ब्लैकमेल करते हैं। इसीलिए हम चाहते हैं कि बच्चे-बच्चियां जब भी परेशानी महसूस करें वे हमें फोन कर लें।

### जागरुक करने पर होगा जोर

ऑनलाइन अपराध से निपटने के लिए जागरूकता बेहद अहम है। इसीलिए महाराष्ट्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने चाइल्ड-फंड इंडिया के साथ बच्चों को जागरूक करने की योजना तैयार की है। वेब सेफ एंड वाइज नाम की यह मुहिम एक वर्ष चलेगी। इसके तहत बच्चों के खिलाफ होने वाले ऑनलाइन अपराध से जुड़े आंकड़े इकट्ठा किए जाएंगे। इन अपराधों पर लगाम लगाने की रणनीति तैयार की जाएगी साथ ही विद्यार्थियों को अपराध से बचने के तरीके सिखाए जाएंगे। चाइल्ड-फंड इंडिया के कार्यक्रमों के वरिष्ठ प्रबंधक अमरकुमार सिंह ने कहा कि हम बच्चों को बताएंगे कि ऑनलाइन अपराध की घटनाओं वे तुरंत किस तरह के कदम उठा सकते हैं।

**अनमोल विचार** भाषा की समृद्धि उसकी विविधता में निहित है : डेविड क्रिस्टल

# अजित पवार का स्पष्टीकरण



दोपहर संवाददाता | मुंबई

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार (राकांपा-एसपी) की लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले द्वारा महाराष्ट्र सरकार की 'लाडकी बहिन' योजना को जुमला करार देने के बाद उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने विपक्ष की आलोचना की। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के बजट में महिलाओं, युवाओं और किसानों के लिए घोषित योजनाएं "चुनावी हथकंडे" नहीं हैं। महाराष्ट्र सरकार में वित्त मंत्रालय संभालने वाले पवार ने विधानसभा में पिछले सप्ताह पेश किए गए बजट पर चर्चा के दौरान कहा कि यह उनका 10वां बजट है और वह अच्छी तरह से जानते हैं कि योजनाएं बजटीय आवंटन के अनुरूप हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था स्थिर स्थिति में है।

### महाराष्ट्र सरकार पर बढ़ा कर्ज

वित्त मंत्री ने कहा कि भले ही पिछले वर्ष की तुलना में कर्ज में 10.67 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, लेकिन यह सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का 18.35 प्रतिशत है जो 25 प्रतिशत की निर्धारित सीमा के भीतर है। राज्य में इस साल के अंत में चुनाव होने से पहले एकनाथ शिंदे सरकार का आखिरी बजट पेश करते हुए पवार ने महिलाओं, युवाओं और किसानों तथा समाज के अन्य वर्गों के लिए रियायतों की घोषणा की थी, जिसमें 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक का परिव्यय शामिल है।

### योजनाओं के लिए धन ऐसे जुटाया जाएगा

विपक्ष ने इसे "आश्वासनों की झड़ी" बताते हुए कहा था कि इस बारे में कोई स्पष्टता नहीं है कि घोषित योजनाओं के लिए धन कैसे जुटाया जाएगा। राकांपा (शरदचंद्र पवार) की लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले ने बृहस्पतिवार को 'लड़की बहिन' योजना पर निशाना साधते हुए कहा था कि यह केवल एक "जुमला" है।

### लड़की बहिन योजना का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना

बजट में घोषित 'मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना' के तहत पात्र महिलाओं को 1,500 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे। पवार ने कहा कि महिलाओं ने इस योजना का स्वागत किया है। राकांपा नेता ने कहा, "मुझे उस योजना के लिए विपक्ष की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है जिसका उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना है।" उन्होंने कहा कि सरकार इसमें सुधार के लिए तैयार है। पवार ने लोकसभा चुनाव से पहले महिलाओं को 8,500 रुपये की मासिक सहायता देने का वादा करने के लिए कांग्रेस की आलोचना की।

# 3094 में महज 46 किसानों ने न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी पर बेची तुअर दाल

दोपहर संवाददाता | मुंबई

प्रदेश में सरकारी खरीद केंद्रों पर तुअर बेचने के लिए 3094 किसानों ने पंजीयन कराया था। लेकिन प्रत्यक्ष रूप से अभी तक महज 46 किसानों ने 550 क्विंटल तुअर बेचा है। राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर तुअर खरीदने के लिए 153 खरीद केंद्र शुरू है। लेकिन तुअर को खुल बाजार में अधिक कीमत मिलने के कारण किसान खरीद केंद्रों पर बेचने के लिए नहीं आ रहे हैं।

### विपणन मंत्री अब्दुल सत्तार ने दी जानकारी



विधान परिषद में राज्य के विपणन मंत्री अब्दुल सत्तार ने यह जानकारी दी। सदन में कांग्रेस सदस्य राजेश राठोड ने बाजार के दाम पर तुअर खरीदी के बारे में सवाल पूछा था। राठोड ने कहा कि तुअर का एमएसपी प्रति क्विंटल 7 हजार रुपए है, जबकि खुले बाजार में तुअर को प्रति क्विंटल लगभग 12 हजार रुपए दाम मिल रहा है। इसलिए सरकार को बाजार के दाम पर किसानों से तुअर खरीदना चाहिए। इसके जवाब में सत्तार ने कहा कि एमएसपी और बाजार भाव के बीच का अंतर है। इसलिए हर तीन दिन में बाजार भाव की समीक्षा करके एमएसपी की नई दर तय की जाती है। इसके तहत एमएसपी 10 हजार रुपए तक बढ़ाया गया।

**न्यूज़ ब्रीफ**

## चंद्रपुर की तत्कालीन शिक्षणाधिकारी को निलंबित करेंगे: दीपक केसरकर



दोपहर संवाददाता | मुंबई

चंद्रपुर की तत्कालीन शिक्षणाधिकारी (माध्यमिक) कल्पना चव्हाण के खिलाफ लगे अनियमितता के आरोपों पर स्पष्टीकरण देने के लिए उन्हें नोटिस भेजा गया है। इस नोटिस का जवाब मिलने के बाद एक सप्ताह में तत्कालीन शिक्षणाधिकारी को निलंबित करने का फैसला लिया जाएगा। विधान परिषद में राज्य के स्कूली शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर ने यह आश्वासन दिया।

### कांग्रेस सदस्य सुधाकर अडबाले ने पूछा था सवाल

सदन में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस सदस्य सुधाकर अडबाले ने चंद्रपुर की तत्कालीन शिक्षणाधिकारी (माध्यमिक) को निलंबित करने को लेकर सवाल पूछा था। इस बीच कांग्रेस सदस्य अभिजीत वंजारी ने कहा कि प्राथमिक जांच में रिपोर्ट में तत्कालीन शिक्षणाधिकारी के खिलाफ लगे आरोप तथ्य पाए गए हैं। इसलिए उनके खिलाफ सरकार को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

# 'बीएमसी के चुनाव जल्द कराएं सरकार'

## आदित्य ठाकरे ने विधानसभा में उठाई मांग



दोपहर संवाददाता | मुंबई

शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे ने लंबे समय से लंबित बृहन्मुंबई महानगरपालिका का लंबित चुनाव कराने की शुक्रवार को मांग की। फिलहाल बीएमसी का प्रशासन महाराष्ट्र सरकार द्वारा नियुक्त प्रशासक के जिम्मे है। मुंबई के वर्ली से विधायक ठाकरे ने विधानसभा में कहा कि इस महानगर में दो साल से अधिक समय से पार्षद नहीं हैं तथा 15 नगर वार्ड अधिकारियों के पद खाली पड़े हैं। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री ठाकरे ने कहा कि लोगों को नगर निकाय स्तर पर किये जाने वाले कार्यों के लिये स्थानीय विधायकों के पास जाना पड़ता है। उन्होंने देश के इस सबसे समृद्ध नगर निकाय का चुनाव जल्द से जल्द कराने की पैरवी की, ताकि शहर को अपने निर्वाचित प्रतिनिधि मिलें। शिवसेना यूबीटी पहले ही बीएमसी चुनावों की मांग करवा चुकी है। वह इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को भी निशाने पर ले चुकी है। बीएमसी ही नहीं बल्कि पुणे और दूसरे नगर निगमों के चुनाव बाकी हैं।



### IAS भूषण गगरानी हैं प्रशासक

महाराष्ट्र के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने सदन में कहा कि सरकार ने महाराष्ट्र लोकसेवा आयोग को वार्ड अधिकारियों के खाली पदों को भरने का निर्देश दिया है। बीएमसी तथा ठाणे और पुणे समेत बड़े नगर निगमों के चुनाव 2022 से ही लंबित हैं। वर्तमान निगम आयुक्त वरिष्ठ आईएएस अधिकारी भूषण गगरानी महानगरपालिका के प्रशासक के रूप में भी काम कर रहे हैं। इस साल फरवरी में महानगरपालिका के लिए 2024-25 के वास्ते 59,954.75 करोड़ रुपये का बजट पेश किया गया। शिवसेना यूबीटी ने लोकसभा की छह में से तीन सीटों पर जीत हासिल की थी। इतना ही नहीं इसके बाद हुए शिक्षक और स्नातक के चुनावों में पार्टी ने मुंबई की दोनों सीटों पर कब्जा जमाया था। आदित्य ठाकरे की मांग को हाल के चुनाव नतीजों से जोड़कर देखा जा रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि शिवसेना यूबीटी अभी की परिस्थितियों को अपने अनकूल मान रही है। यही वजह है कि आदित्य ठाकरे ने बीएमसी चुनाव जल्द कराने की मांग करके महायुति सरकार पर दबाव बनाया है। मुंबई नॉर्थ वेस्ट सीट भी शिवसेना यूबीटी महज 48 वोटों से हारी थी, जबकि एक सीट कांग्रेस और एक सीट बीजेपी को जीत मिली थी।

# मुंबई मेट्रो लाइन 3 के लिए पांचवीं किस्त के लिए जेआईसीए ऋण समझौते पर हस्ताक्षर

दीपक पवार | मुंबई

भारत सरकार ने आज जापानी अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (जेआईसीए) के साथ पांचवीं और अंतिम किस्त के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए, जो मुंबई मेट्रो लाइन-3 परियोजना के वित्तपोषण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। भारत सरकार के आर्थिक मामलों के विभाग (डीईए) में आयोजित हस्ताक्षर समारोह में एमएमआरसी भी मौजूद थी। भारत सरकार की ओर से आर्थिक मामलों के विभाग (डीईए) की अतिरिक्त सचिव मनीषा सिन्हा और जापान सरकार की ओर से जापान के राजदूत महामहिम हिरोशी सुजुकी ने ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए।

### 37,276 करोड़ है संशोधित परियोजना की लागत



भारत सरकार की ओर से 29 फरवरी 2024 को दी गई मंजूरी के अनुसार, मुंबई मेट्रो लाइन-3 की संशोधित परियोजना लागत 37,276 करोड़ रुपये है, जिसमें 57.09% जेआईसीए ऋण राशि 1,000 करोड़ रुपये है। 21,280 करोड़। 84 बिलियन (4657 करोड़ रुपये) की राशि के साथ जेआईसीए ऋण समझौते के तहत मेट्रो लाइन 3 परियोजना के लिए वित्तपोषण पूरा हो गया है।

# गिरफ्तार नौसेना के दो अधिकारी वीजा गिरोह के सरगना

## मुंबई क्राइम ब्रांच का बड़ा दावा

दोपहर संवाददाता | मुंबई

पिछले दिनों मुंबई क्राइम ब्रांच ने नौसेना के दो अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक, जिस व्यक्ति की गिरफ्तारी हुई है वह लेफ्टिनेंट कमांडर, उप लेफ्टिनेंट रैंक के अधिकारी है। गिरफ्तार किए गए अधिकारियों पर फर्जी दस्तावेजों पर लोगों को विदेश भेजने में शामिल होने का भी आरोप है। इसके लिए लाखों रुपए भी लिए गए थे। पुलिस ने शुक्रवार को अदालत में हिरासत अवधि बढ़ाने का अनुरोध करते हुए यह दावा किया कि कथित वीजा गिरोह मामले में गिरफ्तार नौसेना के दो अधिकारी अपराध के 'सरगना' थे। मजिस्ट्रेट अदालत ने दलीलें सुनने के बाद लेफ्टिनेंट कमांडर विपिन डागर और उप लेफ्टिनेंट ब्रह्म ज्योति की पुलिस हिरासत नौ जुलाई तक के लिए बढ़ा दी।

### पांच आरोपी गिरफ्तार



मुंबई क्राइम ब्रांच ने दावा किया है कि वे कथित तौर पर उस 'सिंडिकेट' का हिस्सा थे जिसने दक्षिण कोरिया में गैर कानूनी तरीके से काम करना चाह रहे भारतीयों की वीजा प्राप्त करने में मदद की। नौसेना के दो अधिकारियों के अलावा सिमरन तेजी, रवि कुमार और दीपक मेहरा उर्फ डोगरा को मामले में आरोपी बनाकर उन्हें भी गिरफ्तार किया गया है। पांचों आरोपियों की पूर्व की हिरासत अवधि समाप्त होने पर उन्हें अतिरिक्त मुख्य महानगर दंडाधिकारी (एडिशनल चीफ मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट)विनोद पाटिल की अदालत में पेश किया गया। पुलिस ने आरोपियों की पुलिस हिरासत बढ़ाने का अनुरोध करते हुए अदालत से कहा कि नौसेना के दोनों अधिकारी गिरोह के सरगना थे। पुलिस ने बताया कि डागर और ज्योति वीजा आवेदन के लिए आवश्यक फर्जी दस्तावेज बनाते थे। आरोपियों ने विशाखापत्तनम में मुहर बनाने की मशीन तब खरीदी जब वे वहां पर पदस्थ थे।

### फर्जी दस्तावेजों से लोगों को दक्षिण कोरिया भेजा

पुलिस ने आरोपियों की हिरासत अवधि बढ़ाने के लिए दाखिल अर्जी में दावा किया कि आरोपियों ने फर्जी दस्तावेजों की मदद से कई लोगों को दक्षिण कोरिया के अलावा भी अन्य देशों में भेजा। इसके लिए उन्होंने लोगों से पैसे भी लिए। यह बात उनके खाते में आए पैसों से भी स्पष्ट होता है। अर्जी में कहा कि पुलिस आरोपियों की चार दिन की हिरासत चाहती है ताकि उनका आमना-सामना कराया जा सके।

### पुलिस गलत तरीके से फंसा रही

डागर का पक्ष रखते हुए अधिवक्ता रवि जाधव ने पुलिस हिरासत की अवधि बढ़ाने का विरोध किया और दावा किया कि उनके मुवक्किल को पुलिस गलत तरीके से फंसा रही है उनके खिलाफ कोई दस्तावेजी सबूत नहीं है। मेहरा का पक्ष रखने के लिए पेश हुए अधिवक्ता अजय दुबे ने कहा कि उनके मुवक्किल केवल एजेंट थे जिसने पासपोर्ट को आगे बढ़ाया और वीजा धोखधाड़ी में उनकी कोई भूमिका नहीं है।

### ज्योति के वकील ने हिरासत बढ़ाने का किया विरोध

ज्योति के वकील रोहन सोनावणे ने कहा कि पुलिस के पास उनके मुवक्किल से पूछताछ के लिए पर्याप्त समय था क्योंकि वह पांच दिन तक उसकी हिरासत में थे। वकील ने कहा कि पुलिस पहले ही मोबाइल फोन, दो सिम कार्ड, पेन ड्राइव, कई डेबिट कार्ड और अन्य दस्तावेज जब्त कर चुकी है।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

### ई-निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| निविदा दस्तावेज क्र. | बोली क्र.- 2024_एमसीजीएम_1048432 |
| संगठन का नाम | बृहन्मुंबई महानगरपालिका |
| विषय | नगर निगम मुख्यालय में भारतीय स्वतंत्रता दिवस 2024 के उत्सव के लिए आवश्यकतानुसार विभिन्न सामग्री, सेवाएं और प्रणाली किराए के आधार पर उपलब्ध कराने का कार्य। |
| ई-निविदा की लागत (अनुमानित लागत) | आयटम दर निविदा |
| बोली जांच जमा/ईएमडी | रु.5000.00/- |
| जांच शुल्क | रु.1,416.00/(रु.1200.00/+18%जीएसटी) |
| निविदा जारी करने और बिक्री की तारीख | 06/07/2024 को सुबह 09.00 बजे |
| निविदा की बिक्री और बोली की प्राप्ति की अंतिम तिथि और समय सुरक्षा जमा | 15/07/2024 को शाम 04.00 बजे |
| पकैट ए, बी, और सी (ऑनलाइन) जमा करना | 15/07/2024 को शाम 04.00 बजे |
| बोली-पूर्व बैठक | NA |
| पैकेट ए जमा करना | N.A |
| पैकेट बी जमा करना | 16/07/2024 को शाम 04.00 बजे |
| पैकेट सी खोलना | 19/07/2024 को सुबह 11.00 बजे |
| संपर्क के लिए पता | कार्यालयः कार्यकारी अभियंता (हेड क्वार्टर) मनपा मुख्यालय,पुरानी इमारत, ग्राउंड फ्लोर, महापालिका मार्ग, मुंबई-400001. |
| बोली खोलने का स्थान | कार्यालय कार्यकारी अभियंता (हेड क्वार्टर) ऑनलाइन |

यह निविदा दस्तावेज हस्तांतरणीय नहीं है।
एमसीजीएम किसी भी आवेदन को स्वीकार करने या उपरोक्त विषय के लिए प्राप्त किसी भी या सभी आवेदनों को बिना कोई कारण बताए अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

हस्ता./
कार्यकारी.अभि. (एच.ओ.)

पीआरओ/392/विज्ञा./2024-25

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।


### टी 20 विजय जुलूस

# कचरे को हटाने के लिए सात वाहन लगे

दोपहर संवाददाता | मुंबई

टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का स्वागत करने के लिए मुंबई के प्रतिष्ठित मरीन ड्राइव पर गुरुवार को उमड़ी भारी भीड़ ने पानी की बोतलों और जूते-चप्पलों सहित ढेर सारा कचरा भी पीछे छोड़ दिया। जिसे बाद में नगर निगम ने सात वाहनों में भरकर हटाया। बृह्नमुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) ने शुक्रवार को बताया कि विजय परेड के बाद गुरुवार की रात 11 बजे शुरू हुआ सफाई अभियान शुक्रवार सुबह आठ बजे तक चला। इसमें बीएमसी के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के 100 कर्मचारियों और कुछ गैर सरकारी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।




### विजय जुलूस में उमड़ा था जनसैलाब

गुरुवार शाम भारतीय क्रिकेट टीम की विजय परेड देखने के लिए हजारों प्रशंसक दक्षिण मुंबई के मरीन ड्राइव पर उमड़ पड़े थे। परेड शाम करीब साढ़े सात बजे नरीमन प्वाइंट से शुरू हुई और वानखेड़े स्टेडियम तक गई। वैसे तो इन दोनों जगहों के बीच की दूरी तय करने में आमतौर पर पांच मिनट लगते हैं, लेकिन बड़ी संख्या में भीड़ होने की वजह से परेड को वानखेड़े स्टेडियम पहुंचने में डेढ़ घंटे से अधिक समय लगा। भीड़ ने अपने पीछे कूड़े के ढेर भी छोड़े और जूते-चप्पल एवं पानी की बोतलें सड़क पर बिखरी हुई देखी गईं। बीएमसी ने एक बयान में कहा कि सड़कों से कूड़े के ढेर को हटाने के लिए सफाई अभियान चलाया गया। इसमें कहा गया है कि कुल कचरे में से जूते और चप्पलों को पांच जीप में एकत्र किया गया। अन्य कचरा उठाने के लिए दो ट्रक का भी इस्तेमाल किया गया।

### एचएससी छात्र को राहत

## शिक्षा बोर्ड को छात्र के अंकों में सुधार के लिए परीक्षा की अनुमति देने का निर्देश

**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को एचएससी छात्र के अंकों में सुधार के लिए परीक्षा की अनुमति देने का निर्देश दिया है। गोवंडी के पेस जूनियर्स साइंस कॉलेज के छात्र की 16 जुलाई को परीक्षा होगी। न्यायमूर्ति ए.एस. चंदुरकर और न्यायमूर्ति राजेश एस.पाटिल की पीठ के समक्ष छात्र की याचिका पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि याचिकाकर्ता प्रतिभाशाली छात्र है, जिसने 11वीं कक्षा तक अपने शैक्षणिक जीवन में 85 फीसदी से 93 फीसदी क प्राप्त किए हैं। जब वह मार्च 2023 में एचएससी परीक्षा के लिए उपस्थित हुआ, तो वह बताया गया कि वह अवसाद से पीड़ित था। उसे 600 में से 319 अंक ही प्राप्त हुए। उसका जुलाई 2023 से दिसंबर 2023 तक की अवधि में भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र अस्पताल में इलाज हुआ। इस दौरान वह अपने अंकों में सुधार के लिए परीक्षा में नहीं बैठ सका। इलाज के बाद राज्य माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने छात्र को अंक में सुधार के लिए परीक्षा की अनुमति देने से मना कर दिया, तो उसने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

संपादकीय

# बड़ी जीत का जश्न

गुरुवार को देश में क्रिकेट प्रेमियों का जश्न पिछले शनिवार से कम नहीं था, जब भारतीय टीम ने बारबाडोस में विश्व कप जीता था। जिसने वर्ष 1983 जीते विश्वकप के जुनून की याद दिला दी। भारत सरकार द्वारा भेजे गए विशेष चार्टेड विमान के जरिये विजयी टीम के खिलाड़ी, परिजन व सहयोगी स्टाफ जब दिल्ली पहुंचे तो तड़के ही क्रिकेट प्रेमियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विजेता टीम के खिलाड़ियों का प्रधानमंत्री निवास पर स्वागत किया और शानदार जीत के लिये बधाई दी। कप्तान रोहित शर्मा ने प्रधानमंत्री को ट्रॉफी सौंपी। खिलाड़ी कोच राहुल द्रविड़ के साथ प्रधानमंत्री आवास पर दो घंटे तक रहे। प्रधानमंत्री ने शानदार जीत के लिये बधाई दी और हर खिलाड़ी से बात की। इस दौरान बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी और सचिव जय शाह भी मौजूद रहे। विजेता टीम के भारत पहुंचने के बाद पूरे देश में खुशी का माहौल नजर आया। यूं तो प्रधानमंत्री ने भारत के टी-20 चैंपियन बनने पर सोशल मीडिया पर एक खास पोस्ट साझा की थी और टीम के कप्तान व खिलाड़ियों से फोन पर बात की थी। उन्होंने टीम की स्वदेश वापसी पर टीम से मुलाकात से साबित किया कि राजनीति के साथ खेलों को भी वे गंभीरता से लेते हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में जब भारतीय टीम वन-डे वर्ल्ड कप के फाइनल में आस्ट्रेलिया से हार गई थी तो प्रधानमंत्री खुद खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने अहमदाबाद के ड्रेसिंग रूम पहुंचे थे। वहीं दूसरी ओर खिलाड़ियों ने भी सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री के साथ फोटो शेयर कर खुशी जाहिर की। इससे पहले बारबाडोस में विश्व विजेता टीम पसोपेश में थी क्योंकि वहां घातक चक्रवात आने वाला था। सोमवार को खिलाड़ियों को खुशी का समाचार मिला कि वे शाम को विशेष चार्टेड फ्लाइट से वतन लौटेंगे। बहरहाल, टी-20 विश्वकप में जीत ने मानसून के उदास मौसम में देश के क्रिकेट प्रेमियों को झूमने को मजबूर कर दिया। बहरहाल, इस विश्वकप की जीत के बाद धीर-गंभीर रहने वाले कोच राहुल द्रविड़, कप्तान रोहित शर्मा व फाइनल में आतिशी बल्लेबाजी से विराट जीत दिलाने वाले विराट कोहली आदि के चेहरों पर मुस्कान देखते ही बनती रही। वर्षों से प्रतीक्षित इच्छा जो पूरी हुई और देश को क्रिकेट का सरताज बनने का मौका मिला। टीम के कोच, कप्तान व सीनियर खिलाड़ियों ने पिछले कुछ वर्षों में बहुत समय व पसीना इस दिन की तैयारी के लिये बहाया था। खिलाड़ियों के चेहरों पर खुशी और संतोष बताता है कि टीम अब अगले मिशन चैंपियंस ट्राफी व वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की तैयारी में जुटने को है। लेकिन वहीं विचारणीय बात यह है कि टीम को अब नये सांचे में ढलना होगा। हम न भूलें कि टी-20 विश्व विजेता टीम के इस प्रारूप से कप्तान रोहित शर्मा, धुंआधार बल्लेबाज विराट कोहली और हरफनमौला रवींद्र जडेजा संन्यास ले चुके हैं। यह इन खिलाड़ियों की महानता है कि अपना लक्ष्य पूरा करके वे नये खिलाड़ियों के लिये राह सुगम बना गए। अन्यथा तमाम आलोचनाओं के बीच आउट ऑफ फॉर्म खिलाड़ी टीम में लंबे समय तक टिके देखे गए हैं। टीम को राहुल द्रविड़ जैसे धीर-गंभीर व अनुशासित कोच की कमी भी खलेगी। लाखों फैन मरीन ड्राइव से वानखेड़े स्टेडियम तक विजेता टीम के खिलाड़ियों के दीदार को खड़े रहे। मायानगरी के लोगों ने दिखाया कि वे फिल्मी सितारों का ही नहीं, खिलाड़ियों का भी भव्य स्वागत करते हैं। भीड़ इतनी थी कि वाहनों की आवाजाही को रोकना पड़ा।

शख्सियत | दलाई लामा

## नोबेल शांति पुरस्कार के विजेता



पुसरला वेंकट सिंधु यानी पी वी सिंधु आज 21वीं सदी की एक खेल आइकन और भारत में महिला खिलाड़ियों के लिए एक चमकती किरण हैं। पिछले दशक में यह शटलर दुनिया भर में दर्जनों खिताब जीतकर दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों में अपना नाम दर्ज करवा चुकी हैं। ओलंपिक में रजत पदक और बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनने के बाद, पीवी सिंधु ने लगातार दूसरा ओलंपिक पदक - टोक्यो 2020 में कांस्य जीतकर अपनी चमकदार कैबिनेट में एक और पदक हासिल किया। इस प्रकार वह दो ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गईं।

तेनज़िन ग्यात्सो तिब्बती बौद्ध धर्म के 14वें दलाई लामा हैं। दलाई लामा बौद्ध धर्म के सबसे बड़े फॉलोअर के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने तिब्बतियों को उनके अधिकारों को दिलवाने में बहुत बड़ा योगदान दिया है। वह विश्व शांति के लिए भी काम करते हैं जिसके लिए उनको नोबेल शांति पुरस्कार सभी सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने 1963 में डेमोक्रेटिक देश की मांग की और सविधान तैयार किया। 1992 में दलाई लामा ने तिब्बत को डेमोक्रेटिक देश बनाने की मांग की ।

6 जुलाई 1935 में दलाई लामा का जन्म तक्त्सैर, उत्तरी तिब्बत एक किसान परिवार जन्म हुआ था। इनके पिता का नाम चोक्योंग त्सेरिंग और माता का नाम डिकी त्सेरिंग है।इनके वंसज करुणा अवलोकेतेस्वर बुद्ध के गुणों के रूप माने जाते हैं। शिक्षा की शुरुआत 6 साल की आयु में की और 23वर्ष गेशे ल्हारापा की डिग्री हासिल की। संस्कृत, औषधि, बौद्ध तत्वज्ञान, तर्कशास्त्र और तिब्बत की कला एवं संस्कृति समेत संगीत, ज्योतिष विज्ञान, और संगीत में भी शिक्षा हासिल की।

1949 से चीन लगातार तिब्बत पर हमलें करता रहता था । राजनीति में आने से पहले वो चीन गए और वहां के नेताओ से मुलाकात की। 1949 में 949 चीनी आक्रमण ने तिब्बत को इस तरह खत्म कर दिया कि वे लोग वहां से जाने के लिए मजबूर हो गए। 1959में तिब्बती लोगों में गुस्सा बढ़ गया और दलाई लामा की ज़िन्दगी खतरे में थी। चीन दलाई लामा को अलगाववादी मानता था और तिब्बत पर कब्ज़ा न कर पाना उसकी वजह इन्हें माना गया। उन्होंने भारत में शरण ली और हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला शहर में बस गये। सयुंक्त राष्ट्र संघ के महासभा में मुद्दा उठाया लेकिन कोई हल नहीं निकला।

दलाई लामा शुरू से शांति से समस्या का हल निकालने में विश्वास रखते आए हैं। 1987 में उनहोंने 5 सूत्रीय शांति बनाया, जिसमें संदेश दिया गया कि तिब्बत एक शांति देश में बदल जाए। पर इसमें उन्हें नाकामयाबी ही मिली। उन्होंने अमेरिका के सामने 5 सूत्रीय शांति की पहल की। उनका पहला विचार यह था कि तिब्बत देश को एक शांति एवं शांतिपूर्ण क्षेत्र में बदला जाए। दूसरा-चीन तिब्बतियों को अपने देश में शरण देने का अधिकार त्याग नहीं करेगा। तीसरा-तिब्बतियों को मानवाधिकरो और लोकतान्त्रिक आज़ादी का सम्मान किया जाए। चौथा-तिब्बत के पर्यावरण की देखभाल की जाए। पांचवा- तिब्बत और चीन के बीच बातचीत होती रहे। 1989 में दलाई लामा को शांति का नोबेल सम्मान मिला।

# प्राकृतिक संसाधनों का तार्किक उपयोग ही समाधान पर्यावरण संकट

प्रकृति के साथ छेड़छाड़ आज समूची दुनिया के लिए भयावह खतरे का सबब बन चुकी है। तापमान में वृद्धि, मौसम में बदलाव और जलवायु परिवर्तन इसके जीवंत प्रमाण हैं। इन प्रकोपों से दुनिया त्राहि-त्राहि कर रही है। इस सबके पीछे मानवीय गतिविधियां जिम्मेदार हैं जिसने दुनिया को तबाही के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। दुनिया में जिस तेजी से पेड़ों की तादाद कम होती जा रही है, हकीकत में उससे पर्यावरण तो प्रभावित हो ही रहा है, पारिस्थितिकी, जैव विविधता, कृषि और मानवीय जीवन ही नहीं, बल्कि भूमि की दीर्घकालिक स्थिरता पर भी भीषण खतरा पैदा हो गया है।

विश्व बैंक ने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से संबंधित रिपोर्ट में कहा है कि पर्यावरण प्रदूषण के चलते हो रही तापमान में बढ़ोतरी के लिए दैनंदिन घटती जैव विविधता और मानवीय गतिविधियां सबसे अधिक जिम्मेदार हैं। जैव विविधता घटने की वजह से धरती लगातार गर्म होती जा रही है जिससे अंटार्कटिका और ग्रीनलैंड के साथ-साथ दुनिया में तीसरे सबसे अधिक बर्फ के भंडार माने जाने वाले कनाडा के ग्लेशियर संकट में हैं। इनके पिघलने से इस सदी के अंत तक दुनिया भर के समुद्र के जलस्तर में बढ़ोतरी हो जायेगी जिससे दुनिया के समुद्र तटीय बड़े शहरों के डूबने का खतरा बढ़ जायेगा।

गौरतलब है कि प्रकृति मनुष्य की भोजन, पानी, साफ हवा, औषधि सहित जीवन की कई मूलभूत जरूरतों की पूर्ति करती है। लेकिन हमने भौतिक सुखों की चाह में प्रकृति के साथ छेड़छाड़ की जिसके कारण पर्यावरण तो बिगड़ा ही, जंगल, जीव और मनुष्य के बीच की दूरियां भी कम होती चली गयीं।

दुनिया के वैज्ञानिक बार-बार कह रहे हैं कि इंसान जैव विविधता के खात्मे पर आमादा है। जबकि जैव विविधता का संरक्षण हमें बीमारियों से बचाने में



महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समृद्ध जैव विविधता हमारे अस्तित्व का आधार है। यदि वनों की कटाई पर अंकुश नहीं लगा तो प्रकृति की लय बिगड़ जायेगी और उस स्थिति में वैश्विक स्तर पर तापमान में दो डिग्री की बढ़ोतरी को रोक पाना बहुत मुश्किल हो जायेगा। ऐसी स्थिति में सूखा और स्वास्थ्य संबंधी जोखिम से आर्थिक हालात और भी प्रभावित होंगे जिसकी भरपायी आसान नहीं होगी।

अमेरिका की ए एंड एम यूनिवर्सिटी स्कूल आफ पब्लिक हेल्थ के एक अध्ययन में खुलासा हुआ है कि पेड़-पौधों की मौजूदगी लोगों को मानसिक तनाव से मुक्ति दिलाने में सहायक होती है। अध्ययन में कहा गया है कि हरियाली के बीच रहने वाले लोगों में अवसाद की आशंका बहुत कम पायी गयी है। जैव विविधता न सिर्फ हमारे प्राकृतिक वातावरण के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि ऐसे वातावरण में रहने वाले लोगों के मानसिक कल्याण के लिए भी

**ज्ञानेन्द्र रावत**

उतनी ही अहम है।

बीते दो दशकों में समूची दुनिया में 78 मिलियन हेक्टेयर यानी 193 मिलियन एकड़ पहाड़ी जंगल नष्ट हो गये हैं। जबकि पहाड़ दुनिया के 85 फीसदी से ज्यादा पक्षियों, स्तनधारियों और उभयचरों के आश्रय स्थल हैं। गौरतलब यह है कि हर साल जितना जंगल खत्म हो रहा है, वह एक लाख तीन हजार वर्ग किलोमीटर में फैले देश जर्मनी, नार्डिक देश आइसलैंड, डेनमार्क, स्वीडन और फिनलैंड जैसे देशों के क्षेत्रफल के बराबर है। लेकिन सबसे बड़े दुख की बात यह है कि इसके अनुपात में नये जंगल लगाने की गति बेहद धीमी है।

लंदन के थिंक टैंक एनर्जी ट्रांसमिशन कमीशन की मानें तो समूची दुनिया में हर मिनट 17.60 एकड़ जंगल काटे जा रहे हैं। पर्यावरण विज्ञानी बर्नार्डो फ्लोर्स की मानें तो एक बार यदि हम खतरे के दायरे में पहुंच गये तो हमारे पास करने को कुछ नहीं रहेगा। यूके स्थित साइट यूटिलिटी बिडर की नयी रिपोर्ट की मानें तो जंगल बचाने की लाख कोशिशों के बावजूद दुनिया में वनों की कटाई में और तेजी आई है और उसकी दर चार फीसदी से भी ज्यादा हो गयी है। मौजूदा दौर की हकीकत यह है कि दुनिया में हर मिनट 21.1 हेक्टेयर में फैले जंगलों का खात्मा हो रहा है। फिर भी हम इस सबसे बेखबर से हैं।

वर्ष 2004 के लिए नोबेल शांति पुरस्कार पाने वाली केन्या की पर्यावरण एवं प्राकृतिक संसाधन मंत्री रहीं बंगारी मथाई का बयान महत्वपूर्ण है कि जल, जंगल और जमीन के मुद्दे आपस में गहरे तक जुड़े हुए हैं। हमने प्राकृतिक संसाधनों और लोकतांत्रिक प्रशासन को बखूबी समझा है। वैश्विक स्तर पर भी यह प्रासंगिक है। प्राकृतिक संसाधनों का उचित प्रबंधन आज सबसे बड़ी जरूरत है। जब तक यह नहीं होगा, शांति कायम नहीं हो सकती। नोबेल पुरस्कार समिति की भी यही सोच है। समिति का भी मानना है कि पर्यावरण, लोकतंत्र और शांति के अंतर्संबंधों की पहचान जरूरी है। समिति ऐसे सामुदायिक प्रयासों को प्रोत्साहित करने की पक्षधर है जिससे धरती को बचाया जा सके।

खासकर ऐसे समय में जब हम पेड़ों और पानी के साथ-साथ जैव विविधता की वजह से पारिस्थितिकी के संकट से जूझ रहे हैं।

इस बात में कोई संदेह नहीं कि जब तक हम जल, जंगल, जमीन, खनिज और तेल जैसे संसाधनों का उचित प्रबंधन नहीं करेंगे तब तक गरीबी से नहीं लड़ा जा सकता। संसाधनों के उचित प्रबंधन के बगैर शांति कायम नहीं हो सकती। हम जिस रास्ते पर चल रहे हैं, यदि उसे नहीं बदला तो संसाधनों को लेकर नयी लड़ाइयां सामने खड़ी होंगी।

सहज योग

# मनुष्य और जानवर के बीच फर्क



**एक तो हिस्सा जो कि सर के माथे के पीछे सीधा ही नीचे गुजर के जाता है और बाकी दो हिस्से जो कि सर के दो कोणों में से नीचे गुजर के और घुम करके पीछे की ओर चला जाता है।**

जानवर में जो प्रश्न होते ही नहीं है, जो मनुष्य में होते है। जानवर के लिए तो कोई प्रश्न ही नहीं होता है, वो सिर्फ जीता है। जिस शक्ति के सहारे वो जीता है, उसकी ओर भी, उसका कोई प्रश्न नहीं होता है किवो कौन सी शक्ति है, कि जिसके सहारे मैं जीता हूं। उसकी वजह ऐसी है, कि ये चैतन्य शक्ति है, क्योंकि सारी सृष्टी की रचना करती है, उसकी चालना करती है उसकी व्यवस्था करती है। वो प्राणीमात्र में बहती हुई और गुजर जाती है। क्योंकि इंसान ने उसके एक विशेष कारण , उसके एक विशेष तरह के जीवन, से संबंधित ऐसी कुछ रचनाएं हो जाती हैं कि जिससे मनुष्य उस शक्ति से वंचित हो जाता है। इसको अगर हम समझें तो साधारण शब्दों में इस तरह से कहा जाएगा कि मनुष्य में जो अहंकार हो जाता है वो प्राणीमात्र में नहीं होता। मनुष्य की दिमागी, हार जो है वो बहुत ही और तरह की है। उसका दिमाग एक त्रिकोणाकार है और इस त्रिकोण में जब ये शक्ति, बच्चा तीन महीने के मां के गर्भ में होते समय अंदर की ओर गुजरती है, तो वो एकरिफरेकशन (अपवर्तन) जिसे अंग्रेजी में कहते हैं, विलिनीकरण जिसे कहते है, विकेंद्रिकरण कहते है उससे तीन हिस्सों में बट जाती है। एक तो हिस्सा जो कि सर के माथे के पीछे सीधा ही नीचे गुजर के जाता है और बाकी दो हिस्से जो कि सर के दो कोणों में से नीचे गुजर के और घुम करके पीछे की ओर चला जाता है। इस तीन तरह की शक्ति की वजह से ही मनुष्य प्राणीमात्र से एक उंची दृष्टी से देखता है। ये जो शक्ति हमारे सर में, त्रिकोण में से गुजरती है और त्रिकोण के कोन के तरफ से जब गुजरती है, तो उसमें भी एक कोन आ जाता है और उसी कोन के कारण उसकी शक्तियां दो तरह से बदल जाती है। अगर आप लोग फिजीक्स जानते हो, तो समझ लेंगे की शक्ति हमेंशा सीधी ही गुजरती है लेकिन वो जब इधर ऐसे गुजर जाती है, जब वो ऐसे जाना पड़ता है उसका बदलता हुआ रूख उसको दो शक्तियों में बांट देता है, जिसे कंपोनेट्स कहते हैं। एक ऐसा बाहर की ओर जाती है, एक नीचे की ओर जाती है। बाहर की ओर जाने वाली शक्ति के कारण मनुष्य के अंदर में बाहर की ओर दृष्टि आ जाती है। जैसे के जानवर है वो अगर इस स्टुल पर आकर बैठ जाए तो ये सोचेगा की स्टुल पर बैठूं? पर मनुष्य अगर स्टुल पर बैठ जाए तो सोचेगा की ये स्टुल में कैसे पालूं। ये कहां से आया? इसको किसने बनाया? इसका बनानेवाला कौन? कोई भी चीज़ को देखते ही साथ उसमें लपट जाता। क्यूंकि इंसान को देखता है, उसकी ओर भी वो लपट जाता है। जानवर में ये बात नही, वो बस जीता है। उसका अगर मालिक आया तो खुश हो जाता है। कोई पराया आदमी आया तो फिर भौंकने लग जाता है कोई अगर चोर आया तो उसके ऊपर भौंकने लगता है। अब वो ये नहीं सोचता है कि मैं इसे अपना लूं, इस माइक को मैं ले लूं। इस टेबल को में ले लूं।

प्रस्तुति : धीरज सिंह


जीवन ऊर्जा

डेविड क्रिस्टल : जन्म-6 जुलाई, 1941 | जन्म

# भाषा वह पुल है जो हमें एक दूसरे से जोड़ती है


**डेविड क्रिस्टल, जिनका जन्म 6 जुलाई, 1941 को हुआ था, एक ब्रिटिश भाषाविद्, शिक्षाविद और भाषा और संचार के विशेषज्ञ लेखक हैं। उन्होंने भाषा विज्ञान पर कई किताबें लिखी हैं, जिनमें द कैम्ब्रिज इनसाइक्लोपीडिया ऑफ़ लैंग्वेजर भी शामिल है। क्रिस्टल भाषा विज्ञान को लोकप्रिय बनाने में अपने काम के लिए प्रसिद्ध हैं और दुनिया भर में इस क्षेत्र में एक प्रमुख व्यक्ति हैं।**

भाषा मनुष्य के लिए उपलब्ध सबसे शक्तिशाली साधनों में से एक है। भाषाएँ हमारी मूर्त और अमूर्त विरासत को संरक्षित करने और विकसित करने का सबसे शक्तिशाली साधन हैं। प्रत्येक भाषा मन का एक पुराना जंगल है, विचारों का एक जलप्रपात है, आध्यात्मिक संभावनाओं का एक पारिस्थितिकी तंत्र है। अंग्रेजी भाषा किसी की विशेष संपत्ति नहीं है। यह कल्पना की संपत्ति है: यह भाषा की ही संपत्ति है। भाषा केवल संचार का साधन नहीं है, यह हमें मानव बनाने का सार है। भाषा एक जीवित, सांस लेने वाली इकाई है जो हर बातचीत के साथ विकसित होती है। जितनी अधिक भाषाएँ आप जानते हैं, उतना ही आप मानव हैं। भाषा वह साधन है जिसके द्वारा हम अपने विचारों और भावनाओं को दूसरों के साथ साझा करते हैं। भाषा की सुंदरता



समय के साथ अनुकूलन और परिवर्तन करने की इसकी क्षमता में निहित है। भाषा एक विशाल महासागर की तरह है; प्रत्येक शब्द एक लहर है, जो अर्थ और भावना को लेकर चलती है। शब्दों में हमारे विचारों और धारणाओं को आकार देने की शक्ति होती है। भाषा वह कुंजी है जो विभिन्न संस्कृतियों को समझने के लिए द्वार खोलती है। भाषाएँ केवल संचार के साधन ही नहीं हैं; वे सोचने के विभिन्न तरीकों की खिड़कियाँ भी हैं। भाषा सीखना नई दुनिया और नई संभावनाओं के द्वार खोलता है। भाषा वह पुल है जो हमें एक दूसरे से जोड़ती है। भाषा मन का दर्पण है; यह हमारे विचारों और विश्वासों को दर्शाती है। शब्दों में उपचार करने, प्रेरित करने और बदलने की शक्ति होती है। भाषा वह धागा है जो समाज के ताने-बाने को एक साथ बुनती है। भाषा की समृद्धि उसकी विविधता में निहित है। भाषा इतिहास, संस्कृति और पहचान का खजाना है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# संस्कृत के बारे में रोचक तथ्य


प्राविर्योंन की रिपोर्ट के अनुसार, आमतौर पर यह स्वीकार किया जाता रहा है कि तमिल जीवित भाषाओं में सबसे पुरानी लिखित परंपराओं में से एक है। जबकि वहीं दूसरी तरफ संस्कृत को दुनिया की सबसे पुरानी दर्ज की गई भाषाओं में से एक के तौर पर मान्यता दी गई है।

मात्र 3,000 वर्ष पूर्व तक भारत में संस्कृत बोली जाती थी तभी तो ईसा से 2500 वर्ष पूर्व पाणिणि ने अद्भुत संस्कृत व्याकरण का ग्रंथ लिखा था। इसका नाम 'अष्टाध्यायी' है।

संस्कृत, विश्व की सबसे पुरानी पुस्तक (ऋग्वेद) की भाषा है। इसलिये इसे विश्व की प्रथम भाषा मानने में कहीं किसी संशय की संभावना नहीं है।

3. इसकी सुस्पष्ट व्याकरण और वर्णमाला की वैज्ञानिकता के कारण सर्वश्रेष्ठता भी स्वयं सिद्ध है।

4. संस्कृत ही एक मात्र साधन हैं जो क्रमशः अंगुलियों एवं जीभ को लचीला बनाते हैं।



5. संस्कृत अध्ययन करने वाले छात्रों को गणित, विज्ञान एवं अन्य भाषाएँ ग्रहण करने में सहायता मिलती है।

6. संस्कृत केवल एक मात्र भाषा नहीं है अपितु संस्कृत एक विचार है संस्कृत एक संस्कृति है एक संस्कार है संस्कृत में विश्व का कल्याण है शांति है सहयोग है वसुदैव कुटुम्बकम् कि भावना है।!

7. नासा का कहना है की 6th और 7th generation super computers संस्कृत भाषा पर आधारित होंगे।

8. संस्कृत विद्वानों के अनुसार सौर परिवार के प्रमुख सूर्य के एक ओर से 9 रश्मियां(Beams of light) निकलती हैं और ये चारों ओर से अलग-अलग निकलती हैं। इस तरह कुल 36 रश्मियां हो गईं। इन 36 रश्मियों के ध्वनियों पर संस्कृत के 36 स्वर बने।!

9. कहा जाता है कि अरबी भाषा को कंठ से और अंग्रेजी को केवल होंठों से ही बोला जाता है किंतु संस्कृत में वर्णमाला को स्वरों की आवाज के आधार पर कवर्ग, चवर्ग, टवर्ग, तवर्ग, पवर्ग, अंतःस्थ और ऊष्म वर्गों में बांटा गया है।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**

वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।

मो. नं. 9425980556

प्रेरक प्रसंग

## गांधीजी की प्रेरणा

एक बार गांधीजी ट्रेन से यात्रा कर रहे थे। वे किसी मीटिंग के दौरान कहीं जा रहे थे। वे आराम से सीट पर बैठे हुए थे। उनके बगल में एक व्यक्ति और बैठा हुआ था। गांधी जी कुछ पुस्तकें पढ़ रहे थे और अचानक उनके पैर से एक चप्पल रेल गाड़ी के नीचे गिर गई। गांधी



जी ने उस चप्पल को नीचे गिरते देखा और उन्होंने अपना दूसरा चप्पल भी निकाल कर फेंक दिया। उनके बगल में बैठे उस व्यक्ति ने गांधी जी से पूछा आपने उस चप्पल को उठाने के बजाय दूसरी चप्पल भी फेंक दी। ऐसा क्यों? गांधी जी ने जवाब दिया मैं इसे चप्पल को क्या करता। मेरी चप्पल तो नीचे गिर गयी। यह चप्पल जो भी पाएगा, उसको वह भी उपयोग नहीं कर पाएगा और न ही मैं इसे उपयोग कर पाऊंगा। इसलिए अच्छा यही होगा कि यह चप्पल भी फेंक देता हूं और जो भी इसे पाएगा, वह कम से कम दोनों चप्पल प्रयोग कर पाएगा। इस उत्तर से उस आदमी को एक सिख मिल गयी और वह गांधी जी का शिष्य बन गया। जो वस्तु हमारे लिए अनुपयोगी है, उस वस्तु को उपयोगी मनुष्य को दे देना चाहिए।

सुविचार

**नाम और पहचान भले ही छोटी हो, लेकिन अपनी होनी चाहिए।**



यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# समुद्री लहरों का रहस्य



कल्पना कीजिए कि आप समुद्र तट पर रेत का महल बना रहे हैं। तब अचानक, एक लहर आती है जो आपके रेत के महल को भी ढ़हा कर लौट जाती है, जिससे आप थोड़ा दुखी होती हैं। पर यही लहरें जब आपके पैरों को छूती हैं तो आपको इसमें बड़ा मजा आता है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि समुद्र में लहरें क्यों उठती हैं हैं? आइए लहरों की अद्भुत दुनिया में गोता लगाएं और पता लगाएं!

## चंद्रमा और सूर्य का गुरुत्वाकर्षण

लेकिन रुकिए, कहानी में और भी बहुत कुछ है! लहरें ज्वार नामक किसी चीज़ के कारण भी हो सकती हैं। ज्वार समुद्र की सतह का ऊपर-नीचे होना है, जो चंद्रमा और सूर्य के गुरुत्वाकर्षण के कारण होता है। जब चंद्रमा पृथ्वी के करीब होता है, तो वह पानी को अपनी ओर खींचता है, जिससे पानी ऊपर उठता है। यह खिंचाव लहरें बनाता है जिन्हें हम ज्वारीय लहरें कहते हैं। कल्पना करें कि चंद्रमा एक बड़ा चुंबक है, जो समुद्र को अपनी ओर खींचता है और लहरें बनाता है।

## समुद्री हवा

लहरें समुद्र के चलने और नाचने के तरीके की तरह हैं। लहरों के होने का मुख्य कारण हवा है। जब हवा समुद्र की सतह पर चलती है, तो यह पानी को धकेलती है, जिससे छोटी-छोटी लहरें बनती हैं। ये लहरें बड़ी और बड़ी होती जाती हैं, और लहरों में बदल जाती हैं। तो, हवा एक विशाल हाथ की तरह है जो धीरे-धीरे समुद्र को थपथपाती है, जिससे लहरें बनती हैं।

## भूकंप या ज्वालामुखी विस्फोट

लहरों का एक और कारण पानी के नीचे भूकंप या ज्वालामुखी विस्फोट है। जब ये शक्तिशाली घटनाएं होती हैं, तो वे समुद्र तल को हिला देती हैं, जिससे समुद्र में बड़ी लहरें उठती हैं। इन लहरों को सुनामी कहा जाता है। सुनामी सामान्य लहरों से अलग होती हैं क्योंकि वे बहुत बड़ी होती हैं और बहुत तेज़ी से यात्रा कर सकती हैं।

## लहरों के हिस्से

लहरों के भी अलग-अलग हिस्से होते हैं। लहर के सबसे ऊंचे हिस्से को शिखर और सबसे निचले हिस्से को गर्त कहा जाता है। दो शिखरों या दो गर्तों के बीच की दूरी को तरंगदैर्ध्य कहा जाता है। लहरें एक पैटर्न में ऊपर-नीचे, ऊपर-नीचे चलती हैं, बिल्कुल रोलर कोस्टर की तरह। क्या आप कभी रोलर कोस्टर पर गए हैं? लहरों पर सवारी करना कुछ-कुछ ऐसा ही है!

## मानसून का लहरों पर असर


मानसून के दौरान, समुद्र की लहरें बड़ी और मजबूत हो जाती हैं। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि मानसून तेज़ हवाएं और भारी बारिश लाता है। तेज़ हवाएं समुद्र की सतह को धकेलती हैं, जिससे बड़ी लहरें बनती हैं। इसके अलावा, भारी बारिश नदियों से समुद्र में बहने वाले पानी की मात्रा को बढ़ा सकती है, जिससे लहरें और भी ज़्यादा शक्तिशाली हो जाती हैं। इसलिए, मानसून के दौरान, तेज हवाओं और बारिश के अतिरिक्त पानी का संयोजन समुद्र की लहरों को और भी बड़ा और उग्र बना देता है।



अब, आइए कल्पना करें कि अगर लहरें न हों तो क्या होगा। समुद्र बहुत शांत और शांत होगा। किनारे पर लहरों के टकराने की कोई आवाज नहीं होगी, लहरों पर सर्फ़र नहीं होंगे और गर्म दिन में आपको ठंडा करने के लिए कोई छींटे नहीं होंगे। लहरें समुद्र को और भी मजेदार और जीवंत बनाती हैं!

तो, अगली बार जब आप समुद्र तट पर हों, तो याद रखें कि लहरें समुद्र के चलने और खेलने का तरीका हैं। वे हवा, चंद्रमा और कभी-कभी भूकंप से भी बनती हैं। लहरें सभी आकार और आकारों में आती हैं, जो समुद्र को तलाशने के लिए एक रोमांचक जगह बनाती हैं। लहरों का आनंद लें और समुद्र तट पर मौज-मस्ती करें!

# दादी हेज़ल की जादुई झोपड़ी: जिज्ञासा और आश्चर्य की कहानी



एक बार की बात है, लुढ़कती पहाड़ियों और कलकल करती हुई नदी के बीच बसे एक छोटे से गाँव में लिली नाम की एक जिज्ञासु युवती रहती थी। लिली को अपने घर के पास के जंगल में घूमना बहुत पसंद था, जहाँ ऊँचे ओक के पेड़ हवा में रहस्य फुसफुसाते थे और रंग-बिरंगे जंगली फूल सूरज की रोशनी में नाचते थे।

एक सुबह, जब लिली जंगल में घूम रही थी, तो वह एक छिपे हुए मैदान पर पहुँच गई। मैदान के बीच में एक छोटी सी झोपड़ी थी, जिसकी छत काई से ढकी हुई थी और उसकी खिड़कियाँ टिमटिमाते हुए कांच के मोतियों से सजी हुई थीं।

जिज्ञासा से भरकर, लिली चुपके से खिड़की के पास गई और झाँका। अंदर, उसने एक बुजुर्ग महिला को दयालु आँखों और कोमल मुस्कान के साथ देखा, जो चटकती आग पर उबलते हुए सूप के बर्तन को हिला रही थी।

हिम्मत करके, लिली ने दरवाज़ा खटखटाया। बूढ़ी महिला ने चरमराहट के साथ दरवाज़ा खोला और लिली का गर्मजोशी से स्वागत किया। अंदर आओ, बच्चे, उसने कहा, उसकी आवाज़ लोरी की तरह नरम थी। मैं तुम्हारा इंतज़ार कर रही थी।

आश्चर्यचकित लेकिन उत्सुक, लिली अंदर चली गई। झोपड़ी आरामदायक थी और जड़ी-बूटियों और गर्मजोशी की सुगंध से भरी हुई थी। बूढ़ी महिला ने खुद को दादी हेज़ल के रूप में पेश किया और लिली को दोपहर के भोजन के लिए आमंत्रित किया।

सब्जियों के सूप के भाप से भरे कटोरे के साथ, दादी हेज़ल ने लिली को जंगल में रहने वाले जादुई जीवों की कहानियाँ सुनाईं- चांदनी आसमान के नीचे नाचने वाले कल्पित बौने, प्राचीन ज्ञान की बातें करने वाले बात करने वाले जानवर और सोते हुए बच्चों पर सपने बिखेरने वाली परियाँ।

लिली चौड़ी आँखों से सुन रही थी, उसकी कल्पना हर कहानी के साथ बढ़ रही थी। जाने से पहले, दादी हेज़ल ने लिली को चमड़े से बंधी एक छोटी सी किताब दी। इसे रख लो, उसने पलक झपकाते हुए कहा। यह सपनों और रोमांच की किताब है। अपनी कहानियाँ खुद लिखो, और याद रखो, अगर तुम विश्वास करते हो तो जादू हर जगह है।

कृतज्ञता से गले मिलते हुए, लिली ने दादी हेज़ल को अलविदा कहा और आश्चर्य से भरकर घर वापस चली गई। उस दिन से, जब भी लिली जंगल में घूमती, वह अपने साथ दादी हेज़ल की किताब ले जाती और उसके पन्ने अपने जादुई कारनामों और सपनों से भर देती। और इस तरह, उस जादुई जंगल में, जहाँ सपने हकीकत से घुलमिल जाते थे, लिली ने सीखा कि सबसे बड़े रोमांच की शुरुआत जिज्ञासा और दिल में जादू के स्पर्श से होती है।

## चुटकुले

टीचरः बच्चो, बताओ सबसे ज्यादा काबिल कौन होता है?
छात्रः गुरु जी, दर्पण।
टीचरः वो कैसे?
छात्रः क्योंकि वह हर किसी की असलियत बता देता है।

पतिः क्या तुम मुझसे प्यार करती हो?
पत्नीः हाँ, बहुत ज्यादा।
पतिः फिर आज खाना क्यों नहीं बनाया?
पत्नीः ताकि तुम और जिंदा रहो।

मोनूः यार, पता है मेरी गर्लफ्रेंड ने मुझे धोखा दिया।
सोनूः क्यों? क्या हुआ?
मोनूः उसने कहा, मैं सिर्फ तुम्हें देखती हूँ, लेकिन मैंने उसे चश्मा पहने हुए देखा।

टीचरः बताओ, चाँद पर पहला कदम किसने रखा?
बच्चाः जी, नील आर्मस्ट्रांग ने।
टीचरः और दूसरा?
बच्चाः उनके दूसरे पैर ने।

मम्मीः बेटा, इतनी देर तक फोन पर क्या कर रहे हो?
बेटाः मम्मी, गणित का होमवर्क।
मम्मीः वो कैसे?
बेटाः मम्मी, 1 लड़की + 1 लड़का = 2 घंटा बात।

गोलूः यार, तुम हमेशा खुश कैसे रहते हो?
मोलूः क्योंकि मैं छोटी-छोटी बातों पर ध्यान नहीं देता।
गोलूः वाह, सिखाओगे?
मोलूः हां, 500 रुपये निकालो।
गोलूः पागल हो क्या?
मोलूः देखा, अभी से नाराज हो गए।

पत्नीः सुनिए, क्या मैं मोटी दिख रही हूँ?
पतिः नहीं, बिल्कुल भी नहीं।
पत्नीः झूठ बोल रहे हो।
पतिः सच में, तुम तो लड्डू जैसी दिख रही हो।

दामाद अपने ससुराल में गुरुजी का प्रवचन सुनने गया
गुरुजी बोले- जो स्वर्ग जाना चाहता है, वह अपना हाथ ऊपर करो
उसकी सास और बीवी ने हाथ उठाया, मगर दामाद ने नहीं उठाया
गुरुजी ने दामाद से पूछा - क्या तुम स्वर्ग नहीं जाना चाहते?
उसने जवाब दिया- बस ये दोनों चली जाएं तो मेरे लिए यहीं स्वर्ग बन जाएगा।


दुकानदार- कैसा सूट दिखाऊं?
महिला- पड़ोसन तड़प-तड़प कर दम तोड़ दे ऐसा।

लड़का परीक्षा हॉल में परेशान बैठा था।
टीचर - क्या हुआ प्रश्न कठिन हैं क्या?
लड़का - नहीं सर, मैं तो ये सोच रहा हूं कि इस प्रश्न का उत्तर किस जेब में है।

समय एक सा नहीं रहता यारों, सबका बदलता है।
जो कपड़े अंग्रेजों के गवर्नर पहनकर लोगों को डराते थे,
आज हमारे बैंड वाले पहनते हैं।

पति (फोन पर पत्नी से) - तुम बहुत प्यारी हो।
पत्नी - थैंक्स।
पति - तुम बिल्कुल राजकुमारी जैसी हो।
पत्नी - थैंक्यू सो मच।।। और बताओ क्या कर रहे हो
पति - खाली बैठा था, सोचा मजाक ही कर लूं।

# सियार और ढोल



एक बार एक जंगल के निकट दो राजाओं के बीच घोर युद्ध हुआ। एक जीता दूसरा हारा। सेनाएं अपने नगरों को लौट गई। बस, सेना का एक ढोल पीछे रह गया। उस ढोल को बजा-बजाकर सेना के साथ गए भांड व चारण रात को वीरता की कहानियां सुनाते थे।

युद्ध के बाद एक दिन आंधी आई। आंधी के ज़ोर में वह ढोल लुढकता-पुढकता एक सूखे पेड के पास जाकर टिक गया। उस पेड की सूखी टहनियां ढोल से इस तरह से सट गई थी कि तेज हवा चलते ही ढोल पर टकरा जाती थी और ढमाढम ढमाढम की गुंजायमान आवाज़ होती।

एक सियार उस क्षेत्र में घूमता था। उसने ढोल की आवाज़ सुनी। वह बडा भयभीत हुआ। ऐसी अजीब आवाज़ बोलते पहले उसने किसी जानवर को नहीं सुना था। वह सोचने लगा कि यह कैसा जानवर हैं, जो ऐसी जोरदार बोली बोलता हैं 'ढमाढम'। सियार छिपकर ढोल को देखता रहता, यह जानने के लिए कि यह जीव उडने वाला हैं या चार टांगो पर दौडने वाला। एक दिन सियार झाडी के पीछे छुप कर ढोल पर नजर रखे था। तभी पेड से नीचे उतरती हुई एक गिलहरी कूदकर ढोल पर उतरी। हलकी-सी ढम की आवाज़ भी हुई। गिलहरी ढोल पर बैठी दाना कुतरती रही।

सियार बडबडाया 'ओह! तो यह कोई हिंसक जीव नहीं हैं। मुझे भी डरना नहीं चाहिए।'

सियार फूंक-फूंककर क़दम रखता ढोल के निकट गया। उसे सूंघा। ढोल का उसे न कहीं सिर नजर आया और न पैर। तभी हवा के झुंके से टहनियां ढोल से टकराईं। ढम की आवाज़ हुई और सियार उछलकर पीछे जा गिरा। 'अब समझ आया।' सियार उढने की कोशिश करता हुआ बोला 'यह तो बाहर का खोल हैं। जीव इस खोल के अंदर हैं। आवाज़ बता रही हैं कि जो कोई जीव इस खोल के भीतर रहता हैं, वह मोटा-ताजा होना चाहिए। चर्बी से भरा शरीर। तभी ये ढम=ढम की जोरदार बोली बोलता हैं।

'अपनी मांद में घुसते ही सियार बोला 'ओ सियारी! दावत खाने के लिए तैयार हो जा। एक मोटे-ताजे शिकार का पता लगाकर आया हूं।'

सियारी पूछने लगी 'तुम उसे मारकर क्यों नहीं लाए?'

सियार ने उसे झिडकी दी 'क्योंकि मैं तेरी तरह मूर्ख नहीं हूं। वह एक खोल के भीतर छिपा बैठा हैं। खोल ऐसा हैं कि उसमें दो तरफ सूखी चमडी के दरवाज़े हैं।मैं एक तरफ से हाथ डाल उसे पकडने की कोशिश करता तो वह दूसरे दरवाज़े से न भाग जाता?'

चांद निकलने पर दोनों ढोल की ओर गए। जब वह् निकट पहुंच ही रहे थे कि फिर हवा से टहनियां ढोल पर टकराईं और ढम-ढम की आवाज़ निकली। सियार सियारी के कान में बोला 'सुनी उसकी आवाज? जरा सोच जिसकी आवाज़ ऐसी गहरी हैं, वह खुद कितना मोटा ताजा होगा।'

दोनों ढोल को सीधा कर उसके दोनों ओर बैठे और लगे दांतो से ढोल के दोनों चमडी वाले भाग के किनारे फाडने। जैसे ही चमडियां कटने लगी, सियार बोला 'होशियार रहना। एक साथ हाथ अंदर डाल शिकार को दबोचना हैं।' दोनों ने 'हूं' की आवाज़ के साथ हाथ ढोल के भीतर डाले और अंदर टटोलने लगे। अदंर कुछ नहीं था। एक दूसरे के हाथ ही पकड में आए। दोंनो चिल्लाए 'हैं! यहां तो कुछ नहीं हैं।' और वे माथा पीटकर रह गए।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** – कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। धनार्जन होगा। प्रमाद न करें। संतान के कार्यों से समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**वृष** – मेहमानों का आवागमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। मान बढ़ेगा। जल्दबाजी न करें। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा।

**मिथुन** – यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। भेंट आदि की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में उन्नति के योग हैं। संतान की ओर से सुखद स्थिति बनेगी।

**कर्क** – क्रोध पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दुःखद समाचार मिल सकता है। चिंता बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय में सावधानी रखें। वास्तविकता को महत्व दें। प्रयासों में सफलता के योग कम हैं।

**सिंह** – नए अनुबंधों का लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। पूछ-परख रहेगी। रुके कार्य बनेंगे। जोखिम न लें। वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। व्यवहार कुशलता एवं सहनशीलता के बल पर आने वाली बाधाओं का समाधान हो सकेगा।

**कन्या** – संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। बेरोजगारी दूर होगी। धन की आवक बनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य न करें। लक्ष्य को ध्यान में रखकर प्रयत्न करें, सफलता मिलेगी। शुभ कार्यों में संलग्न होने से सुयश एवं सम्मान प्राप्त हो सकेगा।

**तुला** – रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। आपके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से अधिकारी वर्ग से सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** – वाणी पर नियंत्रण रखें। अप्रत्याशित बड़े खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है, जोखिम न लें। अजनबी व्यक्ति पर विश्वास न करें। उदर विकार के योग के कारण खान-पान पर संयम रखें।


**धनु** – नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। परिवार की समस्याओं की चिंता रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ अधिकाधिक लेना चाहिए।

**मकर** – मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रु शांत रहेंगे। धनार्जन होगा। आज विशेष लाभ होने की संभावना है। बुद्धि एवं मनोबल से सुख-संपन्नता बढ़ेगी।

**कुंभ** – प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। धनार्जन होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। प्रमाद न करें। व्यापार-व्यवसाय में इच्छित लाभ की संभावना है।

**मीन** – वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों की जमानत न लें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पारिवारिक जीवन में तनाव हो सकता है।

# !! मन का गहरा घाव !!



एक गरीब ब्राह्मण अपने खेत में बहुत मेहनत करता था। एक दिन वह थककर एक पेड़ के नीचे आराम कर रहा था तभी उसे एक बिल के अंदर से एक नाग निकलता दिखाई दिया।

ब्राह्मण ने सोचा, "मुझे इस नाग की रोज पूजा करनी चाहिए। इसकी कृपा से शायद मेरे खेतों में अच्छी फसल होने लगे।"

उस शाम उसने उस नाग को दूध अर्पित किया और कहा, "खेतों के रक्षक, मैं आपको यह दूध अर्पित कर रहा हूं कृपया आप मुझ पर अपनी कृपा रखें।"

अगली सुबह जब ब्राह्मण आया तो उसने दूध के कटोरे में एक सोने का सिक्का पाया। ब्राह्मण रोज नाग को दूध चढ़ाता था और नाग कटोरे में एक सोने का सिक्का छोड़ जाता।




प्रियंका जैन
9769994439


जल्द ही वह ब्राह्मण अमीर हो गया। एक दिन ब्राह्मण को किसी काम से शहर से बाहर जाना पड़ा। उसने अपने बेटे से नाग को दूध अर्पित करने को कहा

लड़के ने अपने पिता की आज्ञा का पालन किया अगले दिन जब बेटा बिल के पास गया तो उसे सोने का सिक्का मिला।

लड़के ने सोचा, "इस बिल के अंदर जरूर बहुत सारे सोने के सिक्के होंगे। क्यों ना मैं नाग को मारकर सारे सोने के सिक्के निकाल लूं।"

उस शाम को उसने सांप को लाठी से मारने की कोशिश की। नाग को गुस्सा आ गया और उसने लड़के को डंस लिया नाग के जहर से लड़का मर गया।

ब्राह्मण जब शहर से वापस आया तो उसे सारी घटना का पता चला। उसने नाग को कोई दोष नहीं दिया।

अगली शाम वह बिल के पास गया और उसने नाग को दूध अर्पित किया।

घायल नाग ने ब्राह्मण से क्रोधित होकर बोला, "तुम अपने बेटे की मौत के बारे में इतनी जल्दी भूल गए और सोने के सिक्के की लालच में फिर यहां आ गए मैं अब तुम्हारा दोस्त नहीं रह सकता। तुम यहां हर रोज श्रद्धा से नहीं बल्कि लालच की वजह से आते थे।"

नाग ने ब्राह्मण को एक हीरा दिया और दोबारा वहां आने से मना कर दिया।

## खबर संक्षेप

### जनता से अभद्रता करने वाले दो दारोगा समेत 7 पुलिसकर्मी सस्पेंड

**कानपुर।** यूपी के कानपुर में फरियाद लेकर आने वाली जनता से अभद्रता करना पुलिसकर्मियों को महंगा पड़ गया। इसकी जानकारी जब पुलिस कमिश्नर को हुई तो तुरंत कार्रवाई कर दी। पुलिस कमिश्नर ने सात पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया। पुलिस कमिश्नर की इस कार्रवाई से अन्य पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। अक्सर सुनने में आता है कि थाने और जिला स्तर पर शिकायत लेकर पहुंचने वाले फरियादियों के साथ कई पुलिसकर्मी अच्छा सलूक नहीं करते। कई पुलिसकर्मी शिकायत सुने बिना ही फरियादी को वापस कर देते हैं। कुछ की शिकायत ले लेते हैं तो उनका निस्तारण नहीं करते।

### लक्ष्मीकांत वाजपेयी फिर बनाए गए बीजेपी के झारखंड प्रभारी

**रांची।** लक्ष्मीकांत वाजपेयी को फिर बीजेपी का झारखंड प्रभारी बनाया गया है। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने झारखंड समेत विभिन्न प्रदेशों में प्रदेश प्रभारी एवं सह-प्रभारियों की नियुक्ति की है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह के हस्ताक्षर से इसकी अधिसूचना जारी की गयी है।

### राजस्थान के नए मुख्य सूचना आयुक्त मोहन लाल लाठर नियुक्त

**जयपुर।** राजस्थान के नए मुख्य सूचना आयुक्त मोहन लाल लाठर को नियुक्त किया गया है। इसके लिए राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने आदेश जारी कर दिए हैं। इसके साथ ही राज्यपाल कलराज मिश्र ने सुरेश चंद गुप्ता, महेंद्र कुमार पारख और टीकाराम शर्मा को सूचना आयुक्त के रूप में नियुक्ति प्रदान करने के भी आदेश जारी किए हैं। राज्यपाल कलराज मिश्र ने राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त और आयुक्त पदों के अंतर्गत इनकी नियुक्ति पदभार ग्रहण करने से 3 वर्ष की अवधि अथवा 65 वर्ष की आयु, जो भी पहले हो के लिए की है।

### मछली के एक करोड़ बीज होंगे तैयार

**अलवर।** मत्स्य विभाग ने मछली पालन को बढ़ावा देने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए मछली के एक करोड़ बीज तैयार किए गए हैं। साथ ही मछली पालन के लिए ख श्रेणी के जलाशय और बांधों को पांच वर्ष के लीज पर दिया जाएगा। इसमें 5 लाख तक के टेंडर मत्स्य विभाग और पांच लाख से अधिक के टेंडर राज्य सरकार के अधीन होंगे। पिछले दिनों सिलीसेढ़ में मछली पालने के लिए टेंडर किए गए, लेकिन कोई नहीं आया। इसकी लीज कीमत 75 लाख रुपए रखी गई थी। अब दोबारा जल्द ही इसके टेंडर किए जाएंगे। साथ ही जयसमंद, सरसा देवी मय नदी, अजबगढ़ बांध, सारेखुर्द बांध, हंससरोवर, आगर नागर, हरसौरा, देवती, जिरौली और खानपुर मेवान के टेंडर करने के लिए 15 जुलाई तिथि रखी गई।

# बिहार में गिरते पुलों पर नीतीश सरकार की बड़ी कार्रवाई

- एक साथ सस्पेंड कर दिए 11 इंजीनियर
- 17 दिन में 12 पुल गिरे

एजेंसी । पटना

देश भर में बिहार (Bihar) के गिरते पुलों की चर्चा है। बारिश के बीच लगातार गिरते पुलों को अब नीतीश सरकार ने गंभीरता से लिया है और जल संसाधन विभाग के 11 इंजीनियरों को सस्पेंड कर दिया है। बिहार सरकार की ओर से जारी बयान के मुताबिक, राज्य के विभिन्न जिलों में पिछले दिनों 9 पुल-पुलिया ध्वस्त हो गए थे। इनमें से 6 बहुत पुराने थे, वहीं 3 निर्माणाधीन थे। सरकार ने कहा कि जांच में पाया गया है कि संबंधित अभियंताओं ने इस नदी पर पुल-पुलिया को सुरक्षित रखने के लिए एहतियातन कदम नहीं उठाए गए और समुचित तकनीकी पर्यवेक्षण नहीं किया गया। साथ ही कार्यकारी संवेदक के स्तर पर भी लापरवाही बरती गई है। बिहार के विकास आयुक्त चैतन्य प्रसाद ने संवाददाताओं से कहा कि राज्य सरकार इस मुद्दे पर गंभीर है। उन्होंने कहा कि पुलों के निर्माण के लिए जिम्मेदार ठेकेदारों का पता लगाया जाएगा और उन्हें जिम्मेदार ठहराया जाएगा।



### इन अधिकारियों पर गिरी गाज

जल संसाधन अभियंताओं के सिवान के बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता अमित आनंद और सिवान के जल निस्सरण प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को निलंबित किया गया है। इसके साथ ही सिवान के बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल के सहायक अभियंता राजकुमार और चंद्रमोहन झा के साथ ही जल निस्सरण प्रमंडल सिवान के सहायक अभियंता सिमरन आनंद और नेहा रानी को निलंबित किया है। इसके साथ ही पांच कनिष्ठ अभियंताओं को भी निलंबित किया गया है।

# इटावा में गरजा बाबा का बुलडोजर

## भू-माफिया से करोड़ों की जमीन कराई गई मुक्त

एजेंसी । इटावा

यूपी में एक बार फिर बाबा का बुलडोजर गरजा है। इटावा के फ्रेंड्स कालोनी और इकदिल इलाके में प्रशासन ने भू माफिया के कब्जे से करीब 36 करोड़ रूपये मूल्य की 65 हजार वर्ग मीटर को मुक्त करा लिया है। इस जमीन पर कॉलोनाइजर अवैध रूप से कॉलोनियो का नर्माण करने में जुटे हुए थे। इटावा के जिलाधिकारी अवनीश राय ने आज यहां इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्रशासनिक अधिकारियों को जानकारी मिलने के बाद संयुक्त रूप से बुलडोजर अभियान चला कर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई अमल में लाई गयी।




### अवैध आवासीय प्लाटिंग

उन्होंने बताया कि अवैध निर्माणाधीन आवासीय प्लाटिंग पर जेसीबी, बुलडोजर चलाकर खाली करवाया गया है। भू माफिया बिना नक्शा पास करवाए अवैध तरीके से आवासीय प्लाटिंग कर रहे थे। राजस्व विभाग द्वारा दिए गए नोटिस का जवाब न देने पर डीएम के आदेश पर कार्रवाई की गई है। भू माफियाओं की जमीन पर बुलडोजर से ध्वस्तीकरण का अभियान चलाया गया है।

### 5 स्थलों पर कार्रवाई

डीएम अवनीश राय के निर्देश पर एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव थाना क्षेत्र फ्रेंड्स कॉलोनी तथा इकदिल क्षेत्र में कुल पांच स्थलों पर इस तरह की कार्रवाई की है। इनमें धर्मेश्वरी आवासीय कॉलोनी सुंदरपुर, कैंची धाम सरोजिनी हाउसिंग सोसायटी सुंदरपुर, ग्राम आवासीय कॉलोनी बमनपुर भगवतीपुर, ब्रज धाम आवासीय कॉलोनी कछपुरा, एसबीआई आवासीय कॉलोनी बमनपुर भगवतीपुर पर बिना स्वीकार मानचित्र व लेआउट प्लान के अवैध प्लाटिंग की गई। इस संबंध में कार्यालय विनियमित क्षेत्र की ओर से नोटिस दिया गया था जिसका कोई जवाब नहीं दिया गया।

# पुलिस ने होटल से चार अपराधी को दबोचा

**नालंदा।** जिला पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उस गिरोह के चार लुटेरों को गिरफ्तार किया है जो अधिकारी बन भोले-भाले लोगों को शिकार बनाकर लूटते थे। इन चारों अपराधियों को पुलिस हथियार और कारतूस के साथ गिराफ्तार किया है। गिरफ्तार सभी अपराधी नालंदा जिले के रहने वाले हैं, जो लूट की घटना को अंजाम देकर एक होटल में ठहरे थे। साथ ही एक और लूट की अंजाम देने की योजना बना रहे थे। छानबीन करते हुए पुलिस ने शहर के एक होटल में छापेमारी की। पुलिस को देखकर आरोपियों ने खुद को अधिकारी बताया। पुलिस ने चारों को गिरफ्तार करने के बाद कमरे की तलाशी ली तो आरोपियों के पास से एक देसी कट्टा, तीन कारतूस, चार मोबाइल और एक कार के साथ साढ़े 10 हजार कैश बरामद किए गए।

### सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की हुई पहचान

पुलिस के मुताबिक, आरोपी अधिकारी बन भोले- भाले लोगो को भीड़ से अलग कर घटना को अंजाम देते थे। बरामद कार का उपयोग ये लोग लूट में किया करते थे। बीते 28 जून को गिरफ्तार किए गए अपराधियों ने ही मलयपुर थाना इलाके में एक शख्स को बंधक बनाकर उसका एटीएम कार्ड छीन लिया। फिर पिन पूछकर 85 हजार रुपए निकाल लिए थे।

### सभी अपराधी नालंदा के रहने वाले

आसपास के जिले के पुलिस से छानबीन के बाद जब पुख्ता हो गया कि गिरोह के कुछ लोग जमुई शहर के एक होटल में रुके हैं तो टीम ने छापेमारी कर चारों को दबोच लिया। जिन लोगों की गिरफ्तारी हुई, उनके नाम गोपाल पासवान, सुबोध पासवान, रामानंद पासवान और धर्मेंद्र कुमार बताया गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक सभी आरोपी नालंदा जिले के रहने वाले हैं।

# चार हजार करोड़ के टेंडर रद्द

## मंत्री ने लगाया पूर्व की सरकार पर गंभीर आरोप

एजेंसी । पटना

बिहार सरकार ने एक बार फिर पिछली सरकार के समय निर्गत टेंडर को रद्द कर दिया है। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के मंत्री नीरज कुमार बबलू ने टेंडर को रद्द करने की घोषणा करते हुए पूर्व की महागठबंधन सरकार में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। इसके पहले भी मंत्री पीएचईडी विभाग में गड़बड़ी को लेकर टेंडर रद्द कर चुके हैं। इस मामले में मंत्री ने कहा कि एनडीए की सरकार बनने के बाद सभी विभाग पिछली सरकार में हुए कामों की समीक्षा कर रहे हैं। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ने जांच के उपरांत अब तक करीब 4 हजार करोड़ का टेंडर रद्द कर दिया गया है। मंत्री ने कहा कि जब हमने पुराने टेंडर को जांच करवाया तो हमने पाया कि कई गांव मोहल्ला नल जल योजना से वंचित है। इसलिए अब उस गांव मोहल्ला को जोड़ेंगे एक घर छूटे ना इस पर विभाग काम करेंगी।



### दोबारा निकलेगा टेंडर

मंत्री नीरज कुमार बबलू ने कहा कि इस टेंडर को रद्द करने के बाद अब नए सिरे से टेंडर निकाला जाएगा। मंत्री ने कहा कि 1 महीने के अंदर टेंडर पूरा कर लिया जाएगा और उसके बाद अगस्त महीने से काम शुरू भी कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभाग अब पुराने टेंडर को संशोधित करने का काम करेगा। नीरज कुमार बबलू ने कहा कि टेंडर में गड़बड़ी की बात अलग है। पिछले सरकार में क्या हुई है उस पर ज्यादा चर्चा करना नहीं चाहते है। हम मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना नल जल योजना को सुचारू रूप से हर घर तक शुद्ध जल पहुंचने के लिए उस टेंडर को रद्द कर नया टेंडर कर रहे हैं।

### अब तक 4000 करोड़ का टेंडर रद्द

मंत्री ने बताया कि विभाग को हाईटेक किया जाएगा। विभाग में सोलर सिस्टम से पानी की टंकी भरना और बंद होने वाला सिस्टम लगाया जाएगा। कई दिनों तक बिजली गुल रहने से लोगों को पानी नहीं मिल पाता है। इसी को देखते हुए हाईटेक किया जा रहा है। इसके साथ ऑटोमेटिक नल लगाया जाएगा जिससे कि पानी की बर्बादी भी नहीं होगी। अभी तक 4000 करोड़ का टेंडर रद्द कर दिया गया है। पिछली सरकार में जो टेंडर हुआ था उसको लेकर शिकायत मिली थी।

# लातेहार में 20 लाख के दो माओवादियों ने किया सरेंडर

एजेंसी । लातेहार

झारखंड सरकार की सरेंडर पॉलिसी और पुलिस की नक्सलवाद के खिलाफ लगातार चल रही अभियान की वजह से दो नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। लातेहार में माओवादियों के दो जोनल कमांडर नीरज सिंह उर्फ संजय खेरवार और सलमान उर्फ लोकेश गंझू ने वरीय पुलिस अधिकारियों के सामने सरेंडर कर दिया। इन दोनों माओवादियों के ऊपर 10-10 लाख का इनाम था। इस मौके पर पलामू डीआईजी, एसपी और डीसी मौजूद थे।




### दोनों माओवादी लंबे समय से संगठन में थे सक्रिय

जानकारी के मुताबिक दोनों माओवादी लंबे समय से प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन में सक्रिय थे और कई नक्सली घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। जोनल कमांडर राजकुमार गंझू उर्फ लोकेश जहां साल 2002 में इस संगठन में शामिल हुआ तो नीरज सिंह खरवार वर्ष 2004 में संगठन में शामिल हुए थे। दोनों के खिलाफ लातेहार, पलामू और लोहरदगा में 29 मामले दर्ज हैं। लेकिन नक्सलियों के खिलाफ लगातार चल रहे अभियान की वजह से शुक्रवार को इन्होंने पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया। पुलिस से मिली सूचना के मुताबिक राजकुमार गंझू साल 2002 में माओवादियों के बढ़ते दबाव और धमकी की वजह से संगठन में शामिल हुआ।

## व्यापार जगत

# सेंसेक्स 53 अंक की गिरावट के साथ 79,996 पर बंद

एजेंसी । मुंबई

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन 5 जुलाई को शेयर बाजार में फ्लैट कारोबार देखने को मिला। सेंसेक्स 53 अंक की गिरावट के साथ 79,996 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में 21 अंक की तेजी रही, ये 24,323 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयर में से 17 में तेजी और 13 में गिरावट देखने को मिली। HDFC बैंक निफ्टी का टॉप लूजर रहा, जिसके शेयर में 4.50% की गिरावट रही। जबकि, ONGC टॉप गेनर रहा।




### 7 महीने में 70 हजार से 80 हजार पर पहुंचा सेंसेक्स

3 जुलाई को सेंसेक्स पहली बार 80 हजार के पार निकला था। सेंसेक्स को 70 हजार से 80 हजार तक पहुंचने में 7 महीने लगे। 11 दिसंबर 2023 को सेंसेक्स 70 हजार पर था, जो 3 जुलाई को 80 हजार पर पहुंच गया। वहीं, सेंसेक्स 60 हजार से 70 हजार पर पहुंचने में 2 साल से ज्यादा लगे थे। इस साल इस साल अब तक सेंसेक्स में 10% और बीते 1 साल में 22% की तेजी देखने को मिली है।

### बाजार गिराने में HDFC बैंक का सबसे ज्यादा 517.16 पॉइंट का कॉन्ट्रिब्यूशन रहा

- HDFC बैंक, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा स्टील के शेयरों में बिकवाली ने सेंसेक्स को नीचे खींचा। बाजार गिराने में HDFC बैंक का सबसे अधिक 517.16 पॉइंट का कॉन्ट्रिब्यूशन रहा। वहीं, रिलायंस, SBI और लार्सन एंड टुब्रो ने बाजार को ऊपर खींचा।
- एशियाई बाजार में मिला-जुला असर देखने को मिला। जापान के निक्केई में 0.0031% की गिरावट रही। साउथ कोरिया के कोस्पी में 1.32% और ताइवान वेटेड में 0.14% की तेजी रही। वहीं, हांगकांग के हैंग सेंग इंडेक्स में 1.27% की गिरावट देखने को मिली।
- NSE पर उपलब्ध प्रोविजनल डेटा के अनुसार, फॉरेन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (FIIs) ने गुरुवार (4 जुलाई) को 2,575.85 करोड़ के शेयर खरीदे। वहीं, इस दौरान डोमेस्टिक इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (DII) ने 2,375.18 करोड़ के शेयर बेचें।
- अमेरिकी बाजार कल यानी 4 जुलाई को अमेरिका के इंडिपेंडेंस डे के मौके पर बंद रहे थे। इससे पहले बुधवार को डाओ जोंस 23.85 (0.06%) अंक चढ़कर 39,308 पर बंद हुआ। NASDAQ 159.54 (0.88%) अंक चढ़कर 18,188 पर बंद हुआ।

# यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री सात प्रतिशत घटी



एजेंसी । नई दिल्ली

भारत में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री में जून में सालाना आधार पर सात प्रतिशत की गिरावट आई। उद्योग निकाय फाडा ने शुक्रवार को कहा, भीषण गर्मी के कारण शोरूम में आने वाले लोगों की संख्या में 15 प्रतिशत गिरावट इसकी बड़ी वजह रही। कुल यात्री वाहन पंजीकरण पिछले महीने 2,81,566 इकाई रहा, जबकि जून 2023 में यह 3,02,000 इकाई था। जून में दोपहिया वाहनों का पंजीकरण सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 13,75,889 इकाई हो गया।

### ग्राहकों की संख्या में 15 प्रतिशत गिरावट

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन ने कहा, वाहनों पर पर्याप्त छूट के बावजूद भीषण गर्मी के कारण ग्राहकों की संख्या में 15 प्रतिशत गिरावट आई और मानसून में देरी के कारण बाजार की धारणा सुस्त बनी हुई है। डीलरों के अनुसार ग्राहकों के वाहनों के बारे में कम जानकारी हासिल करने और खरीद निर्णय में देरी जैसी चुनौतियों का उन्होंने सामना किया। त्योहारी सीजन में अभी कुछ समय बाकी है, इसलिए यात्री वाहन मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) के लिए सावधानी बरतना महत्वपूर्ण है। फाडा 30,000 से अधिक डीलरशिप आउटलेट का प्रतिनिधित्व करता है। जून महीने की रिपोर्ट तैयार करने के लिए वाहन पंजीकरण आंकड़े देश भर के 1,700 आरटीओ में से 1,567 से एकत्र किए गए।

# स्टील, एल्युमीनियम के बर्तनों पर आईएसआई निशान अनिवार्य

एजेंसी । नई दिल्ली

एजेंसी। सरकार ने स्टेनलेस स्टील और एल्युमीनियम के रसोई के बर्तनों का राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप होना अनिवार्य कर दिया है। भारतीय मानक ब्यूरो ने शुक्रवार को यह जानकारी दी और कहा यह कदम उपभोक्ता सुरक्षा तथा उत्पाद की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग



(डीपीआईआईटी) ने 14 मार्च को गुणवत्ता नियंत्रण आदेश जारी कर रसोई के इन बर्तनों के लिए आईएसआई मार्क अनिवार्य कर दिया था। बीआईएस ने भारतीय मानक संस्थान (आईएसआई) चिह्न को निर्धारित किया है। यह उत्पाद की गुणवत्ता तथा सुरक्षा का आश्वासन देता है।


### क्या है आदेश में ?

बीआईएस के अनुसार, आदेश में ऐसे किसी भी स्टेनलेस स्टील या एल्युमीनियम बर्तनों के विनिर्माण, आयात, बिक्री, वितरण, भंडारण या प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाया गया है जिन पर बीआईएस मानक चिह्न न हो। बयान में कहा गया, आदेश का अनुपालन न करने पर जुर्माना लगाया जाएगा, जो उपभोक्ता सुरक्षा तथा उत्पाद अखंडता के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। यह कदम बीआईएस द्वारा रसोई के सामान के लिए हाल ही में तैयार किए गए व्यापक मानकों के अनुरूप है, जिसमें स्टेनलेस स्टील के लिए आईएस 14756:2022 और एल्युमीनियम के बर्तनों के लिए आईएस 1660:2024 शामिल हैं। मानकों में सामग्री की आवश्यकताएं, डिजाइन विनिर्देश और प्रदर्शन मापदंड शामिल होते हैं। सरकार ने कहा कि इस कदम से उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ेगा और विनिर्माता सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को अपनाने के लिए प्रेरित होंगे।

# कॉफी डे एंटरप्राइजेज ने भुगतान में चूक की

एजेंसी । नई दिल्ली

कॉफी डे एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों से लिए गए कर्जों का मूलधन और ब्याज भुगतान में जून तिमाही तक कुल 433.91 करोड़ रुपये की चूक की है। कंपनी




ने कहा कि तरलता संकट की वजह से उसे कर्ज भुगतान में विलंब का सामना करना पड़ रहा है। कॉफी डे एंटरप्राइजेज की भुगतान चूक राशि में कोई बदलाव नहीं हुआ है क्योंकि कंपनी ने पिछली तिमाहियों में भी इसी राशि की सूचना दी थी। इसकी वजह यह है कि कंपनी वर्ष 2021 से ब्याज को बकाया भुगतान में नहीं जोड़ रही है।

# रिजर्व बैंक ने विनिर्माण कंपनियों का तिमाही सर्वेक्षण किया शुरू

एजेंसी । मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक ने विनिर्माण क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों के ऑर्डर बुक, मौजूदा भंडार और क्षमता उपयोग का तिमाही सर्वेक्षण शुरू करने की शुक्रवार को घोषणा की। मौद्रिक नीति तैयार करने में विनिर्माण क्षेत्र की भूमिका काफी अहम होती है। रिजर्व बैंक वर्ष 2008 से ही तिमाही आधार पर विनिर्माण क्षेत्र के ऑर्डर बुक, भंडार में मौजूद माल और क्षमता के इस्तेमाल संबंधी (ओबिक्स) सर्वेक्षण संचालित करता रहा है।

### कैसे हुआ सर्वेक्षण ?

इस सर्वेक्षण में एकत्र की गई जानकारी में संदर्भ तिमाही (अप्रैल-जून 2024) के दौरान कंपनियों को मिले नए ऑर्डर, तिमाही की शुरुआत में ऑर्डर की स्थिति, तिमाही के अंत में लंबित ऑर्डर, तिमाही के अंत में तैयार माल, कार्य-प्रगति और कच्चे माल के स्टॉक समेत कुल भंडार शामिल हैं। तिमाही के दौरान मात्रा और मूल्य के संदर्भ में मदवार उत्पादन, लक्षित समूह से स्थापित क्षमता और तिमाही के दौरान उत्पादन/स्थापित क्षमता में परिवर्तन के कारणों को भी एकत्र किया जाता है। प्रतिक्रियाओं से क्षमता उपयोग के स्तर का अनुमान लगाया जाता है। आरबीआई ने कहा, सर्वेक्षण मौद्रिक नीति निर्माण के लिए महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है। इसने यह भी कहा कि कंपनी स्तर के डेटा को गोपनीय माना जाता है और कभी भी इसका खुलासा नहीं किया जाता है।

रोहित, कोहली और जडेजा के संन्यास के बाद टी-20 सीरीज के लिए पहली बार मैदान पर उतरेगी भारतीय टीम

जिम्बाब्वे के खिलाफ पहला मुकाबला आज

# नए युग की शुरुआत करेगी युवा ब्रिगेड





**एजेंसी | हरारे**

रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा संन्यास के बाद युवा भारतीय टीम शनिवार को पहली बार टी-20 सीरीज में पहली चुनौती पेश करेगी। जिम्बाब्वे के खिलाफ शुभमान गिल की कप्तानी में टीम जब पांच मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले के लिए मैदान पर उतरेगी तो सबसे छोटे प्रारूप में भारतीय क्रिकेट के नए युग का सूत्रपात होगा। भारत में टी-20 विश्व कप की जीत के सतत जारी जश्न के बीच आईपीएल सितारों से सजी यह युवा टीम शाही जीत के साथ धमाकेदार शुरुआत करना चाहेगी।

### अभिषेक-पराग करेंगे पदार्पण

आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले पंजाब के अभिषेक शर्मा और राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले असम के रियान पराग इस सीरीज के जरिये पदार्पण करेंगे। पिछले कुछ साल में रोहित और कोहली टी-20 क्रिकेट में कई द्विपक्षीय सीरीज से बाहर रहे हैं। अब दोनों के संन्यास के बाद उनकी कमी जरूर खलेगी। इसकी भरपाई करना तो मुश्किल है लेकिन फिर परिवर्तन संसार का नियम है। जिम्बाब्वे मजबूत टीम नहीं है लेकिन टी-20 प्रारूप में दोनों टीमों के बीच बहुत ज्यादा अंतर नहीं है।

### आमने-सामने

| | |
|---|---|
| कुल मैच : | 8 |
| भारत जीता : | 6 |
| जिम्बाब्वे जीता : | 2 |

### गिल का जोड़ीदार कौन

सबकी निगाह टीम संयोजन पर रहेंगी। चार ओपनर इस टीम का हिस्सा हैं। यशस्वी तीसरे मैच के लिए जुड़ेंगे। अब देखना होगा पहले दो मुकाबलों में कप्तान गिल पारी का आगाज किसके साथ करते हैं। अपने अजीज दोस्त अभिषेक शर्मा को पदार्पण का मौका देते हैं या फिर चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान गायकवाड़ खेलते हैं। अभिषेक पारी की शुरुआत करते हैं तो गायकवाड़ तीसरे नंबर पर उतर सकते हैं।

### चौथे नंबर पर खेल सकते हैं पराग

ऐसे में पराग चौथे नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते हैं। लिहाजा उनके चयन की संभावना अधिक है। आक्रामक फिनिशर रिंकू सिंह पांचवें जबकि छठे नंबर पर जितेश शर्मा या ध्रुव को उतारा जा सकता है।

### नंबर गेम

- 2 साल बाद दोनों टीमें टी-20 में टकराएंगी। इससे पहले 2022 विश्व कप में भारत ने जिम्बाब्वे को 71 रन से धोया था
- 7 मैच दोनों ने हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले हैं जिसमें से भारत ने पांच और जिम्बाब्वे ने दो में जीत दर्ज की है
- 34 मैच भारतीय टीम को 2026 में टी-20 होने विश्व कप से पहले खेलने हैं
- 14वें खिलाड़ी होंगे गिल टी-20 में भारतीय टीम की कमान संभालने वाले

### टीमें

**भारत :** शुभमान गिल (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे, साई सुदर्शन, जितेश शर्मा, हर्षित राणा।

**जिम्बाब्वे :** सिकंदर रजा (कप्तान), फराज अकरम, ब्रायन बेनेट, जोनाथन कैंपबेल, टेंडाई चतारा, ल्यूक जोंगवे, इनोसेंट केइया, क्लाइव एम, वेसली मेदेवेरे, टी मारुमानी, वेलिंगटन मसाकाजा, ब्रेंडन मावुता, ब्लेसिंग मुजाराबानी, डियोन मायर्स, एंटम नकवी, रिचर्ड एंगारावा, मिल्टन शुम्बा।

### आवेश-खलील पर गेंदबाजी का जिम्मा



तेज गेंदबाजी आक्रमण की कमान आवेश खान और बाएं हाथ के पेसर खलील अहमद संभालेंगे। जबकि डेथ ओवरों के खतरनाक गेंदबाज मुकेश कुमार तीसरे तेज गेंदबाज होंगे। स्पिन की जिम्मेदारी बिश्नोई के साथ सुंदर के कंधों पर रहेगा। यशस्वी के साथ ही शिवम दुबे और संजू सैमसन भी तीसरे मैच के लिए टीम से जुड़ेंगे। यह तीनों विश्व विजेता टीम के सदस्य थे।

बैडमिंटनः कनाडा ओपन

# राजावत और त्रिसा-गायत्री क्वार्टर फाइनल में



**एजेंसी | कैलगरी (कनाडा)**

भारतीय शटलर प्रियांशु राजावत और त्रिसा जॉली व गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने कनाडा ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। बाकी सभी भारतीय हारकर बाहर हो गए। दुनिया के 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत ने जापान के ताकुमा ओबायाशी को 38 मिनट में 21-19, 21-11 से बाहर का रास्ता दिखा दिया। अब उनका सामना डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से होगा।

### अब चीनी ताइपे की पेइ एस सियेह और एन जू हंग की चुनौती का सामना

महिला युगल में तीसरी वरीयता प्राप्त त्रिसा और गायत्री ने डेनमार्क की नताशा एंथोनिसेन और नीदरलैंड्स की एलिसा टी को 17-21, 21-7, 21-8 से पराजित किया। अब उन्हें चीनी ताइपे की पेइ एस सियेह और एन जू हंग की चुनौती का सामना करना होगा। तान्या हेमंत को थाईलैंड की तीसरी वरीय बुसानन ओंगबैमरुंगफान के हाथों 39 मिनट में 11-21, 13-21 से और अनुपमा उपाध्याय को कनाडा की मिशेल ली से एक घंटे पांच मिनट में 14-21, 21-17, 13-21 से हार मिली। पुरुष युगल में कृष्ण प्रसाद गारागा और के साई प्रतीक जबकि मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रूत्विका गाड्डे की जोड़ी भी हार गई।

## आडवाणी खिताबी हैट्रिक से एक जीत दूर



**एजेंसी | रियाद**

भारत के क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी एशियाई बिलियडर्स में खिताबी हैट्रिक से सिर्फ एक जीत दूर रह गए हैं। आडवाणी ने शुक्रवार को हमवतन सौरव कोठारी को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। आडवाणी ने हर फ्रेम में 100 का स्कोर किया और कोठारी को कोई मौका नहीं दिया। उन्होंने 100-29, 100-33, 101-38, 100-21, 100-0 से जीत दर्ज की।

## क्रिकेट टीम की जीत पर गर्व, अब हमारी बारी : हॉकी कप्तान हरमनप्रीत

**एजेंसी | बेंगलुरू**

टी20 विश्व कप में भारतीय टीम की शानदार जीत पर भारतीय हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह को गर्व है और उनका वादा है कि पेरिस ओलंपिक में उनकी टीम भी देशवासियों को फिर इसी तरह से जश्न मनाने का मौका देगी। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय क्रिकेट टीम ने आईसीसी खिताब के लिये 11 साल का इंतजार खत्म करते हुए बारबडोस में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व कप जीता । चैम्पियन टीम का स्वेदश लौटने पर पलक पांवड़े बिछाकर अभूतपूर्व स्वागत किया गया । इस महीने के आखिर में होने वाले पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिये शिविर में मसरूफ भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत ने भाषा को दिये विशेष इंटरव्यू में कहा ,'' एक खिलाड़ी होने के नाते बड़े टूर्नामेंट में जाना और अच्छा प्रदर्शन करके विश्व कप जीतना, उससे बड़ी कोई बात नहीं है।



मुंबई के मैदानों से

## कियान कपले का उल्लेखनीय प्रदर्शन




**मुंबई।** ओट्टर्स क्लब के कियान कपले ने गोरेगांव स्थित ओज़ोन तरणताल पर संपन्न हुई जीएमएएए वार्षिक ओपन तैराकी प्रतियोगिता में चार नये रेकॉर्ड स्थापित करते उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। कियान ने बॉयज अंडर- 7 और 9 वर्ग में 50 मीटर फ्रीस्टॉयल, बैक स्ट्रोक, ब्रेस्ट स्ट्रोक और बटरफ्लाई वर्ग में पहला स्थान हासिल करते हुए अपने जीत की परचम फहराया। इसी बीच खार जिमखाना की अवंतिका चव्हाण और पुरुषों के वर्ग में निमेश मुलये क्रमशः महिलाओं और पुरुषों के वर्ग में अव्वल रहे। अवंतिका ने जहां एक ओर 50 मीटर फ्रीस्टॉयल, 100 मीटर फ्रीस्टॉयल, 50 मीटर बैक स्ट्रोक और 50 मीटर बटरफ्लाई वर्ग में बाजी मारी तो निमेश ने छह स्वर्ण पदकों पर अपना कब्जा जमाया।


## शीर्ष भारतीय रेफरी उवेना फर्नांडिस ने संन्यास की घोषणा की

**एजेंसी | नई दिल्ली**

फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप (2016) में सहायक रेफरी की भूमिका निभाने वाली भारत की उवेना फर्नांडिस ने शनिवार को संन्यास की घोषणा की। यह जानकारी अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शुक्रवार को दी। उवेना फीफा के किसी विश्व कप फाइनल में सहायक रेफरी की भी भूमिका निभाने वाली इकलौती भारतीय है। उन्होंने जॉर्डन में फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप में अंपायरिंग की थी।



## आलिया भट्ट और शरवरी वाघ की फिल्म को मिला नाम



**'पठान' और 'टाइगर 3' के साथ अपने YRF स्पाई यूनिवर्स को और बड़ा करने वाले आदित्य चोपड़ा ने पिछले साल पहली महिला प्रधान स्पाई फिल्म का ऐलान किया था। फिल्म में आलिया भट्ट और शरवरी वाघ मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। जब से इस फिल्म का ऐलान हुआ था, उसी दिन से दर्शकों के बीच गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है।**

**फिल्म की शूटिंग शुरू :** आलिया और शरवरी की फिल्म का नाम 'अल्फा' रखा गया है। फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान शिव रवैल ने संभाली है। शिव ने धनुष अभिनीत 'द रेलवे मेन' से निर्देशन की दुनिया में कदम रखा था। शाहरुख खान अभिनीत 'पठान' और 'टाइगर 3' के बाद यूनिवर्स में अगली फिल्म ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर अभिनीत 'वॉर 2' होगी।

## 'कुबेरा' से रश्मिका मंदाना की पहली झलक आई सामने



दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता धनुष इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'कुबेर' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान शेखर कम्मुला ने संभाली है। इस फिल्म में रश्मिका मंदाना भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। नागार्जुन अक्किनेनी भी फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाते हुए नजर आएंगे। धनुष और नागार्जुन के बाद अब 'कुबेर' से रश्मिका की पहली झलक सामने आ गई है। उनकी अदाकारी ने फिर से दर्शकों का दिल जीत लिया है।

### इन भाषाओं में रिलीज होगी फिल्म

'कुबेरा' का निर्माण सुनील नारंग और पुष्कुर राम मोहन राव ने मिलकर किया है। फिल्म में देवी श्री प्रसाद ने संगीत दिया है। इस फिल्म के जरिए निर्देशक शेखर कम्मुला और धनुष पहली बार साथ काम कर रहे हैं। 'कुबेरा' का टीजर रिलीज हो गया है, जिसमें रश्मिका की झलक देखने को मिल रही है। 'कुबेरा' हिंदी समेत तमिल और तेलुगु भाषा में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिलहाल फिल्म की रिलीज तारीख सामने नहीं आई है।

## हुमा कुरैशी की नई फिल्म 'बयान' का हुआ ऐलान

हुमा कुरैशी को आखिरी बार वेब सीरीज 'महारानी 3' में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब प्रशंसा हो रही है। इस सीरीज को आप OTT प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर देख सकते हैं। अब हुमा ने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम 'बयान' रखा गया है। हुमा के अलावा चंद्रचूड़ सिंह और सचिन खेडेकर भी इस फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। 'बयान' के निर्देशन की कमान विकास मिश्रा ने संभाली है।

### फिल्म की शूटिंग शुरू

शिलादित्य बोरा, मधु शर्मा, कुणाल कुमार और अंशुमान सिंह इस फिल्म के निर्मात हैं, वहीं फिल्म की कहानी विकास ने लिखी है। फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई है। हुमा ने 'बयान' की घोषणा करते हुए लिखा, 'एक ऐसी फिल्म जिसे लेकर मैं बहुत उत्साहित हूं। फिल्म की शूटिंग शुरू। एक शानदार स्क्रिप्ट, एक प्रतिभाशाली क्रू और अपने काम के प्रति उनका पूर्ण समर्पण।' हुमा के पास विपुल मेहता की फिल्म 'गुलाबी' भी है।



## 'औरों में कहां दम था' को मिली नई रिलीज तारीख

**नीरज पांडे के निर्देशन में बनी फिल्म 'औरों में कहां दम था' पिछले कुछ समय से चर्चा में है। यह इस साल की बहुचर्चित फिल्मों में शुमार है। फिल्म इसलिए भी खास है क्योंकि इसमें एक बार फिर अजय देवगन और तब्बू की जोड़ी देखने को मिलेगी। यह फिल्म 5 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब फिल्म 'औरों में कहां दम था' की नई रिलीज तारीख का ऐलान हो गया है।**

### 2 अगस्त को रिलीज होगी फिल्म

एक रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म 'औरों में कहां दम था' अब 2 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। बॉक्स ऑफिस 'औरों में कहां दम था' का सामना विक्रांत मैसी की फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' से होगा, जिसकी कहानी 2002 की गोधरा ट्रेन जलने की घटना पर आधारित है। इस फिल्म का निर्देशन निर्देशन वेब सीरीज 'ग्रहण' के निर्देशक रंजन चंदेल कर रहे हैं।



### अजय-तब्बू की साथ में सातवीं फिल्म

'औरों में कहां दम था' कि बात करें तो नीरज निर्देशित इस फिल्म में अजय और तब्बू साथ में सातवीं बार काम करते नजर आएंगे। दोनों ने कई हिट फिल्मों में साथ काम किया है। यह एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है, जिसमें अजय-तब्बू के साथ ही जिमी शेरगिल, सई मांजरेकर और शांतनु माहेश्वरी भी महत्वपूर्ण भूमिका में होंगे। 'औरों में कहां दम था' 23 साल की अवधि में फैली एक महाकाव्य संगीतमय रोमांटिक ड्रामा है।

न्यूज़ ब्रीफ

## भाजपा ने किया राज्यों के प्रभारियों-सह प्रभारियों का ऐलान



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में प्रभारी और सह-प्रभारियों के नाम का एलान कर दिया है। जहां अगले साल की शुरुआत में चुनाव देखने जा रहे बिहार में पार्टी ने विनोद तावड़े को प्रभारी बनाया है, वहीं सांसद दीपक प्रकाश सह प्रभारी नियुक्त किया है। इसके अलावा पार्टी ने जम्मू-कश्मीर के लिए तरुण चुघ को प्रभारी बनाया है।

## मेघालय में एक माह में 44 फीसदी ज्यादा बारिश

**मेघालय।** मेघालय में पिछले एक महीने में 44 प्रतिशत ज्यादा बारिश हुई और इस दौरान बारिश से भारी नुकसान हुआ। आपदा प्रबंधन के एक अधिकारी ने बताया, राज्य में एक जून से तीन जुलाई के बीच 117.32 सेमी बारिश हुई जो सामान्य से 44 प्रतिशत अधिक है। राज्य के दक्षिणी जिले सबसे अधिक प्रभावित हैं। उन्होंने कहा, सरकार स्थिति की निगरानी कर रही है। मॉनसून की बारिश से कई बुनियादी ढांचों को नुकसान पहुंचा है, भूस्खलन और बाढ़ आई तथा पेड़ गिरने के साथ अन्य भारी नुकसान हुआ है।

## अगले साल से दीघा में होगी रथ यात्रा : ममता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि पुरी की तर्ज पर अगले साल से दीघा में भी रथ यात्रा निकाली जाएगी। पूर्व मेदिनीपुर जिले के तटीय शहर में एक जगन्नाथ मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। ममता बनर्जी ने एक्स पर कहा, यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि पुरी की तरह हम पश्चिम बंगाल में भी दीघा में भगवान जगन्नाथ के लिए मंदिर परिसर का निर्माण कर रहे हैं। यहां भी रथ यात्रा भी निकाली जाएगी।

## BRS नेता के कविता की हिरासत 18 जुलाई तक बढ़ाई गई

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति मामले में भारत राष्ट्र समिति (BRS) नेता के कविता को राहत नहीं मिली। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को हुई सुनवाई में के कविता की कस्टडी 18 जुलाई तक बढ़ा दी। प्रवर्तन निदेशालय (ED) की टीम ने कविता को 15 मार्च को हैदराबाद स्थित बंजारा हिल्स के उनके घर से गिरफ्तार किया था।

## AAP ने संजय सिंह को राज्यसभा में पार्टी का चेयरपर्सन बनाया

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने सांसद संजय सिंह को राज्यसभा में पार्टी के संसदीय दल का चेयरपर्सन नियुक्त किया है। संजय सिंह लगातार दूसरी बार राज्यसभा के लिए चुने गए हैं। शराब नीति घोटाले में संजय अभी जमानत पर हैं। उन्हें शराब घोटाले में 4 अक्टूबर को ED ने गिरफ्तार किया था। 3 अप्रैल को उन्हें सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली थी।

# 'अवैध शराब त्रासदी के पीड़ित स्वतंत्रता सेनानी नहीं'

**▸▸ 10 लाख के मुआवजे के खिलाफ हाईकोर्ट में दलील**

एजेंसी | चेन्नई

तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले में पिछले महीने जहरीली शराब पीने से करीब 56 लोगों की मौत हो गई थी। पूरे राज्य में इस त्रासदी को लेकर हाहाकार मच गया था। जहां भाजपा ने हंगामा करना शुरू कर दिया था। वहीं, बिगड़ते हालात को देखते हुए सीएम एमके स्टालिन ने मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये और अस्पताल में भर्ती लोगों को 50 हजार का मुआवजा देने का एलान किया था। हालांकि, अब इस मुआवजे के आदेश को रद्द कराने के लिए मद्रास उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की गई है।



### मोहम्मद गौस ने दायर की याचिका

कल्लाकुरिची जहरीली शराब त्रासदी की मुआवजा राशि पर चिंता जताते हुए मोहम्मद गौस ने जनहित याचिका दायर की। इस याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करते हुए कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश आर महादेवन और न्यायमूर्ति मोहम्मद शफीक की खंडपीठ ने कहा कि मुआवजे की राशि अधिक है। इस मामले पर आगे की सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी।

### 'अवैध शराब पीना गलत'

गौस ने याचिका में कहा कि पीड़ित स्वतंत्रता सेनानी या सामाजिक कार्यकर्ता नहीं थे, जिन्होंने आम जनता या समाज के लिए अपनी जान गंवाई हो और जिन्होंने जहरीली शराब पीकर एक तरीके से गलत काम ही किया है। अवैध शराब पीना गलत ही था। राज्य को उन लोगों पर दया करने की जरूरत नहीं है, जिन्होंने अवैध शराब पी और अपनी जान गंवा दी।

# समलैंगिक शादी को कानूनी मान्यता न देने के फैसले की होगी समीक्षा

**सुप्रीम कोर्ट में 10 जुलाई को होगी सुनवाई**



एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट 10 जुलाई को समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार करने वाले फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति हिमा कोहली, न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पांच सदस्यीय संविधान पीठ पुनर्विचार याचिकाओं की सुनवाई करेगी।

### समलैंगिक विवाह को कानूनी तौर पर वैधता देने से किया था इनकार

सुप्रीम कोर्ट में पिछले साल समलैंगिक विवाह को कानूनी तौर पर वैधता देने के मामले में समीक्षा याचिका दायर की गई थी। इससे पहले कोर्ट ने 17 अक्तूबर को समलैंगिक विवाह को कानूनी तौर पर वैधता देने से इनकार कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट की सीजेआई जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 3-2 के बहुमत के फैसले से कहा था कि इस तरह की अनुमति सिर्फ कानून के जरिए ही दी जा सकती है और कोर्ट विधायी मामलों में हस्तक्षेप नहीं कर सकता। गौरतलब है कि कोर्ट ने 10 दिनों की सुनवाई के बाद 11 मई को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। याचिकाकर्ताओं में से एक उदित सूद की ओर से दायर समीक्षा याचिका शीर्ष अदालत की रजिस्ट्री में दायर की गई है। समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता दिए जाने का अनुरोध करने संबंधी 21 याचिकाओं पर संविधान पीठ ने सुनवाई की थी। हालांकि, प्रधान न्यायाधीश ने केंद्र, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि समलैंगिक समुदाय के साथ भेदभाव नहीं किया जाए।

# राज्यसभा में एक और सीट रिक्त

**▸▸ केशव राव का इस्तीफा स्वीकार होने से खाली सीटों की संख्या बढ़कर 16 हुई**



**नई दिल्ली।** राज्यसभा में शुक्रवार को एक और पद रिक्त हो गया। यह पद सदन के सभापति जगदीप धनखड़ द्वारा के. केशव राव का इस्तीफा स्वीकार करने से खाली हुआ। राव ने कांग्रेस में शामिल होने के बाद भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के राज्यसभा सदस्य के रूप में अपनी सदस्यता छोड़ दी। वह 2020 से तेलंगाना से बीआरएस के राज्यसभा सदस्य थे। वह बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए और गुरुवार को संसद के उच्च सदन से इस्तीफा दे दिया।

### इस्तीफा स्वीकार

सूत्रों ने बताया कि धनखड़ ने शुक्रवार को उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया। इसके बाद राज्यसभा में उनकी सीट खाली हो गई है। राव के इस्तीफे के बाद सदन में 16 सीटें खाली हो गई हैं। इससे पहले राज्यसभा में जम्मू एवं कश्मीर से चार, महाराष्ट्र से तीन, असम और बिहार से दो-दो और हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान और त्रिपुरा से एक-एक सीट खाली हुई है।

# तेलंगाना में बीआरएस को बड़ा झटका

**छह विधायक कांग्रेस में हुए शामिल**

एजेंसी | हैदराबाद

तेलंगाना में के चंद्रशेखर राव (केसीआर) की भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को एक बड़ा झटका लगा है। गुरुवार को बीआरएस के छह एमएलसी मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की उपस्थिति में कांग्रेस में शामिल हो गए। पिछले साल विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद से ही बीआरएस के एमएलसी के पार्टी छोड़ने क सिलसिला जारी है।

### बीआरएस के छह एमएलसी कांग्रेस में शामिल



कांग्रेस में शामिल होने वाले छह एमएलसी में दांडे विट्ठल, भानु प्रसाद राव, एम एस प्रभाकर, बोग्गरापु दयानंद, येग्गे मल्लेशम और बसवाराजू सरैया शामिल हैं। सीएम रेवंत रेड्डी, तेलंगाना में एआईसीसी प्रभारी दीपा दासमुंशी और अन्य नेताओं की उपस्थिति में बीआरएस के एमएलसी कांग्रेस में शामिल हुए।

### केटी रामा राव ने दी प्रतिक्रिया

बीआरएस एमएलसी के दलबदल के बाद केटी रामा राव ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधा। केटीआर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, ₹बीआरएस सांसद केशव राव ने कांग्रेस में शामिल होने के बाद इस्तीफा दे दिया। उनके फैसले का स्वागत है। लेकिन उन बीआरएस विधायकों का क्या जिन्होंने हारने के बावजूद कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ा। उन आधे दर्जन बीआरएस विधायकों का क्या जो दलबदल कर कांग्रेस में शामिल हो गए। राहुल गांधी क्या आप ऐसे ही संविधान को कयम रखेंगे। अगर आर बीआरएस विधायकों से इस्तीफा नहीं दिला सकते, तो देश को आपके ऊपर भरोसा कैसे होगा? आप कांग्रेस के घोषणापत्र के अनुसार, 10वें संशोधन के लिए प्रतिबद्ध थे। ये कैसा न्यायपत्र है।₹

# मुदा घोटाले में मैसूरु के उपायुक्त का तबादला

**जी. लक्ष्मीकांत रेड्डी ने संभाला पद**

एजेंसी | बेंगलुरु

मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (मुदा) में भूमि घोटाले पर विवाद के बीच कर्नाटक सरकार ने बड़ा फैसला लिया। उन्होंने मैसूरु के उपायुक्त केवी राजेंद्र का तबादला कर दिया। भाजपा के वरिष्ठ नेता आर. अशोक ने पहले आरोप लगाया था कि राजेंद्र ने मुदा को कई चिट्ठियां लिखी थी, जिसमें कहा गया था कि '50:50 अनुपात' योजना के तहत आवासीय लेआउट बनाने के लिए भूमि खोने वालों से प्राप्त भूमि के बदले में वैकल्पिक स्थलों का आवंटन अनुचित था। बता दें कि राजेंद्र उन 21 आईएएस अधिकारियों में शामिल थे जिन्हें सरकार ने नौकरशाही पेरबदल में स्थानांतरित कर दिया था। राजेंद्र



**भाजपा के वरिष्ठ नेता आर. अशोक ने पहले लगाया था आरोप**

की जगह जी लक्ष्मीकांत रेड्डी ने लिया। लक्ष्मीकांत रेड्डी वर्तमान में कर्नाटक शहरी बुनियादी ढांचा विकास और वित्त निगम बेंगलुरु के प्रबंध निदेशक हैं।

# ओडिशा के पूर्व मंत्री नाइक का निधन

एजेंसी | काकटपुर

ओडिशा के पूर्व मंत्री और बीजू जनता दल (बीजद) के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र नाथ नाइक का शुक्रवार सुबह यहां निधन हो गया। वह 87 साल के थे। उनके परिवार ने बताया कि नाइक उम्र संबंधी बीमारियों



से परेशान थे। उनका निधन उनके घर पर ही हुआ। वह सन् 1971 से 2009 के बीच उत्कल कांग्रेस, जनता दल और बीजद के टिकट पर काकटपुर निर्वाचन क्षेत्र से सात बार ओडिशा विधानसभा के लिए चुने गए। नाइक ने बीजू पटनायक और नवीन पटनायक के नेतृत्व में आबकारी, राजस्व, कृषि, स्कूल और जन शिक्षा और पंचायती राज सहित कई विभागों के मंत्री के रूप में कार्य किया था। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, उप मुख्यमंत्री के वी सिंह देव और प्रवती परीदा, विधानसभा अध्यक्ष सुरमा पाधी और कई अन्य लोगों ने राज्य विधानसभा में नेता को पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं, माझी ने कहा कि ओडिशा ने एक बड़ा नेता खो दिया है। उन्होंने नाइक के शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

# अमृतपाल और इंजीनियर रशीद ने लोकसभा सदस्य के तौर पर ली शपथ

**पैरोल पर जेल से बाहर आए थे दोनों नवनिर्वाचित सांसद**

एजेंसी | नई दिल्ली

पैरोल पर जेल से बाहर आए खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह और कश्मीरी नेता शेख अब्दुल रशीद ने शुक्रवार को संसद भवन में कड़ी सुरक्षा के बीच लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। इंजीनियर रशीद के नाम से जाने जाने वाले रशीद गैरकानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम के तहत दर्ज आतंकवाद के वित्तपोषण मामले में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। वहीं, अमृतपाल राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत दर्ज मामले में असम के डिब्रूगढ़ की जेल में कैद हैं। सुरक्षाकर्मी सुबह उन्हें संसद परिसर लाए थे।

### अमृतपाल ने खडूर साहिब, रशीद ने बारामूला से जीता है चुनाव

एक सूत्र ने बताया कि निर्वाचित सांसदों ने औपचारिकताएं पूरी करने के बाद लोकसभा अध्यक्ष के कक्ष में शपथ ली। 31 वर्षीय अमृतपाल और 56 वर्षीय रशीद ने हाल



ही में जेल में रहते हुए क्रमश: पंजाब के खडूर साहिब और जम्मू-कश्मीर के बारामूला से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लोकसभा चुनाव जीता था। वे अन्य विजयी उम्मीदवारों के साथ 24 और 25 जून को 18वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ नहीं ले सके थे। रशीद को शपथ लेने के लिए दो घंटे की हिरासती पैरोल दी गई थी, जिसमें तिहाड़ से संसद भवन तक की यात्रा का समय शामिल नहीं था। अमृतपाल को असम से दिल्ली आने-जाने के मद्देनजर चार दिन की हिरासत पैरोल दी गई है, जो पांच जुलाई से शुरू हुई है।

# कांग्रेस नेता सुधाकरन की बढ़ीं मुश्किलें

**घर से काले जादू से जुड़ी वस्तुएं मिलने का वीडियो वायरल**

एजेंसी | तिरुवनंतपुरम

केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के अध्यक्ष और कन्नूर से सांसद के. सुधाकरन के आवास पर काले जादू से जुड़ीं वस्तुएं मिलने का एक कथित वीडियो गुरुवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में कुछ लोग कन्नूर स्थित सुधाकरन के आवास पर कथित रूप से काले जादू से संबंधित दफन वस्तुओं को निकालते हुए दिखाई दे रहे हैं। हालांकि, इस वीडियो पर केपीसीसी अध्यक्ष की सफाई भी आई



है। उन्होंने कहा कि यह पुराना वीडियो है और वह इस तरह की धमकियों से नहीं डरते हैं।

### 'मुझ पर कोई असर नहीं'

केपीसीसी के अध्यक्ष सुधाकरन से जब यह पूछा गया कि दफन वस्तुओं को निकालते वक्त क्या वह मौके पर मौजूद थे तो उन्होंने कहा, 'आप उन्नीथन से पूरी जानकारी ले सकते हैं। ऐसी धमकियों से मुझपर कोई फर्क नहीं पड़ेगा।' वहीं, जब पत्रकारों ने पार्टी मुख्यालय में इस तरह की सामग्री के कथित तौर पर मिलने के बारे में पूछा तो सुधाकरन ने कहा कि उन्होंने भी इस बारे में सुना है। हालांकि, उन्नीथन ने वीडियो पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

# 'सरोगेट मां को भी मातृत्व अवकाश का अधिकार'

**ओडिशा हाईकोर्ट का बड़ा फैसला**

एजेंसी | भुवनेश्वर

ओडिशा हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति एस. के. पाणिग्रही की एकल पीठ ने 25 जून को ओडिशा वित्त सेवा (ओएफएस) की महिला अधिकारी सुप्रिया जेना की तरफ से साल 2020 में दायर याचिका पर सुनवाई करते बड़ा फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि सरोगेसी के जरिए मां बनने वाली महिला कर्मचारियों को अन्य महिलाओं के समान मातृत्व अवकाश और अन्य लाभ प्राप्त करने का अधिकार है।



### महिला को नहीं दिया गया मातृत्व अवकाश

बता दें कि सुप्रिया जेना सरोगेसी से मां बनीं, लेकिन ओडिशा सरकार में उनके उच्च अधिकारी की तरफ से उनको 180 दिनों के मातृत्व अवकाश से वंचित कर दिया गया। इसलिए, उन्होंने सरकार के खिलाफ उच्च न्यायालय का रुख किया था। इस मामले में कोर्ट ने पाया कि गोद लिए गए बच्चे की उचित देखभाल के लिए अन्य महिलाओं के लिए स्वीकार्य मातृत्व अवकाश के अनुरूप एक साल की आयु तक के बच्चे को गोद लेने पर महिला सरकारी कर्मचारियों को 180 दिनों का अवकाश दिया जाता है। हालांकि, सरोगेसी से मिले बच्चे के पालन-पोषण के उद्देश्य से मातृत्व अवकाश का कोई प्रावधान नहीं है।

# आंध्र प्रदेश में चंदन की तस्करी के आरोप में 4 गिरफ्तार

एजेंसी | हैदराबाद

आंध्र प्रदेश पुलिस ने चंदन की लकड़ी की तस्करी के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 1.91 करोड़ रुपए की लाल चंदन की 158 लकड़ियों



**1.9 करोड़ की लकड़ी जब्त**

के साथ एक मिनी लॉरी, एक ट्रैक्टर और एक दोपहिया वाहन भी जब्त किया है। घटना को लेकर एसपी सिद्धार्थ कौशल ने बताया कि कडप्पा जिले के पोटलाडुर्थी गांव के पास प्रोड्डुटुरु-येरागुंटला रोड पर चेकिंग के दौरान कार्रवाई की गई है। हमने अब तक 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके मास्टरमाइंड और अन्य लोगों की भी पहचान कर ली गई है। उन्हें भी जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

# असम में बाढ़ से 22 लाख लोग प्रभावित

**ब्रह्मपुत्र, दिगारू और कोलोंग नदियां खतरे के निशान से बह रहीं ऊपर**

एजेंसी | गुवाहाटी

असम में शुक्रवार को बाढ़ की स्थिति और खराब हो गई। प्रमुख नदियों के लगातार बढ़ रहे जलस्तर से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में इजाफा हुआ। इससे राज्य में बाढ़ प्रभावित लोगों की संख्या बढ़कर 22 लाख हो गई है।



### मरने वालों की संख्या बढ़कर 56 हो गई

राज्य में इस साल बाढ़, भूस्खलन और तूफान में मरने वालों की संख्या बढ़कर 56 हो गई है तथा तीन अन्य लोग लापता हैं। प्राकृतिक आपदा के कारण 29 जिले प्रभावित हैं। धुबरी में सबसे ज्यादा 6,48,806 लोग प्रभावित हैं, इसके बाद दरांग में लगभग 1,90,261 लोग और कछार में 1,45,926 लोग प्रभावित हैं। वर्तमान में 39,338 प्रभावित लोगों ने 698 राहत शिविरों में शरण ली हुई हैं। 7,24,322 लोगों को राहत-सामाग्री उपलब्ध कराई जा चुकी है। ब्रह्मपुत्र, दिगारू और कोलोंग नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। वहीं, कामरूप (मेट्रो) जिले में अलर्ट जारी किया गया है। ब्रह्मपुत्र नदी निमाटीघाट, तेजपुर, गुवाहाटी, ग्वालपाड़ा और धुबरी में ख़तरे के निशान से ऊपर बह रही है।